

दैनिक
# पुष्पांजली टुडे
नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 190

ग्वालियर, गुरुवार, 31 मार्च, 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

## दुबई एक्सपो में हिन्दुस्तान का जलवा, यूएई के दिल में हमेशा के लिए बस गया है भारत

**दुबई।** दुबई एक्सपो में भारत की ओर से केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर शिरकत कर रहे हैं। दुबई एक्सपो में भारत के कई सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। इस मौके पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग, मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत अपने आप को दुनिया में सबसे बड़ा स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के रूप में विकसित करना चाहता है, भारतीय युवा उद्यमियों में स्टार्टअप की एक प्यास-सी जग चुकी है। केंद्रीय मंत्री गोयल ने दुबई एक्सपो में लगे भारत पवेलियन की कामयाबी पर भारत और दुबई की दोस्ती की तारीफ की। उन्होंने कहा, हमारी दोस्ती दुनिया के कई देशों में ईर्ष्या का मुद्दा बन गई है। इसतरह के देशों को हमारी दिनों दिन मजबूत होती दोस्ती नहीं सुहाती, जबकि सच्चाई ये है कि यूएई ने अपने दिल में भारत को हमेशा के लिए बसा लिया है। साथ केंद्रीय मंत्री ने कहा कि दुबई को धन्यवाद कहूंगा कि भारत को सम्मान दिवस समारोह शामिल होने का विशेषाधिकार दिया गया। यूएई के सहिष्णुता और सह-अस्तित्व मंत्री और एक्सपो 2020 दुबई के आयुक्त जनरल ने भारत के केंद्रीय मंत्रियों का स्वागत किया। एक्सपो-2020 दुबई में करीब 700 स्टार्टअप ने अपने अनूठे नवाचार को प्रदर्शित



किया है। पीयूष गोयल ने स्टार्टअप से अपनी कहानी को दूरदराज के इलाकों, गांवों, छोटे शहरों, पूर्वोत्तर भारत और अन्य क्षेत्रों में भी ले जाने का आग्रह किया। वहीं शेख नाहयान ने भारत की तारीफ कर कहा कि यहां उन्नत तकनीक, नवीनता, अंतरिक्ष खोज, स्मार्ट शहर सब आकर्षित करते हैं। शेख ने कहा कि अलग-अलग क्षेत्रों में भारत का नेतृत्व उन्हें खास बनाता है। उन्होंने कहा कि यूएई का भारत के साथ काफी पुराना और गहरा रिश्ता हैं। हम भारत के साथ मिलकर अलग-अलग क्षेत्रों में काम करने और साधनों को बनाने के लिए उत्सुक हैं। गोयल ने कहा कि भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच मुक्त व्यापार समझौते ने बड़े अवसर खोले हैं और दोनों देशों के उद्योगों को द्विपक्षीय व्यापार को 2030 तक 250 अरब अमेरिकी डॉलर तक ले जाने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते पर भारत और यूएई ने फरवरी में हस्ताक्षर किए थे। और इसके एक मई से लागू होने की उम्मीद है। गोयल ने कहा कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के पास निवेश के लिए काफी अधिशेष है जबकि भारत एक बड़ा बाजार और आकर्षक गंतव्य है। वहीं दुबई में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह एक्सपो में एक साथ नजर आए। जहां वे डांस करते नजर आए। सोशल मीडिया उनके डांस का विडियो खूब शेयर किया गया। वहीं बॉलीवुड की सिंगर कविता कृष्णमूर्ति ने भी अपनी प्रस्तुति दी।

## रुपा गांगुली के सवाल पर गड़करी का जबाव, सदन में जमकर लगे ठहाके

**नई दिल्ली।** अपनी बेबाक टिप्पणियों के लिए चर्चित केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के बयान पर बुधवार को लोकसभा में जमकर ठहाका लगा। उन्होंने कहा कि हीरोइन का रोल करने के बाद



यदि कोई अभिनेत्री कैरेक्टर रोल कर ले,तब फिर वापस हीरोइन बनना कठिन होता है। उसी तरह पुरानी गाड़ियों में नई कारों के फीचर्स लगाए जाने मुश्किल हैं। यह वाकया प्रश्नकाल में उस समय हुआ जब गडकरी कारों के लिए स्टार रेटिंग प्रणाली से जुड़े पूरक सवालों का जवाब दे रहे थे। भाजपा सदस्य रूपा गांगुली ने उनसे सवाल किया था कि क्या दो-तीन साल पुरानी गाड़ियों में यह सुविधा उपलब्ध होगी है, क्योंकि ऐसी गाड़ियों में इंजन अच्छी स्थिति में होते हैं। इसके जवाब में गडकरी ने कहा कि रेटिंग प्रणाली नई गाड़ियों के लिए है और पुरानी गाड़ियों में ऐसा कर पाना मुश्किल है। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि हीरोइन के लिए चरित्र भूमिकाएं करने के पश्चात फिर से हीरोइन बनना मुश्किल होता है।

## रूस ने माइकोलेव में नौ मंजिला इमारत को बनाया निशाना, विस्फोट में 12 लोगों की मौत

**कीव।** रूस ने युद्ध समाप्त करने के मकसद से जारी वार्ता में संभावित रूप से समझौता किए जाने का संकेत देते हुए कीव और चेर्नीहीव के पास सैन्य अभियान में 'कटौती' करने का फैसला किया। यूक्रेन के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को कहा कि उसने एक रूपरेखा पेश की है, जिसके तहत देश अपने आप को निष्पक्ष घोषित करेगा और अन्य देश उसकी सुरक्षा गारंटी देंगे। वार्ता के बीच रूस के उप रक्षा मंत्री अलेक्जेंडर फोमिन ने कहा कि रूसी सुरक्षा बल कीव और चेर्नीहीव की दिशा में सैन्य गतिविधियों में कटौती करेंगे।



तुर्की में मंगलवार को रूस और यूक्रेन के वार्ताकारों के बीच हुई आमने-सामने की बातचीत के दौरान फोमिन का ये बयान सामने आया है। पिछले दौर की वार्ताएं विफल रहने के बाद रूस के इस बयान से ताजा बातचीत में सकारात्मक असर देखने को मिल सकता है। रूस द्वारा 24 फरवरी को यूक्रेन पर शुरू किए गए हमले के बाद पहली बार है, जब रूस ने कुछ नरमी के संकेत दिए हैं। पिछले सप्ताह के अंत में और मंगलवार को ऐसे संकेत मिले कि रूस अपने युद्ध के लक्ष्यों में कटौती करना चाहता है क्योंकि रूस ने कहा है कि अब उसका प्रमुख लक्ष्य पूर्वी यूक्रेन के डोनबास प्रांत को अपने नियंत्रण में लेना है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने पूछा कि क्या रूस की घोषणा वार्ता में प्रगति का संकेत है या अपना हमला जारी रखने के लिए वक्त लेने की मॉस्को की तरकीब है। उन्होंने कहा हम देखेंगे। जब तक मैं यह नहीं देख लेता कि उनके कदम क्या हैं, तब तक मैं इसके मायने नहीं निकाल सकता।'' अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि उन्हें कुछ भी ऐसा दिखाई नहीं देता, जिससे महसूस हो कि वार्ता रचनात्मक तरीके से आगे बढ़ रही है। उन्होंने रूसी सैन्य बलों को पीछे हटाने के संकेत को मॉस्को द्वारा लोगों का ध्यान भटकाने का प्रयास करार दिया। ब्लिंकन ने मोरक्को में कहा एक तरफ वो है जो रूस कहता है और दूसरी तरफ, वह है जो रूस करता है और हम दूसरे हिस्से पर ध्यान केंद्रित करते हैं। रूस जो कर रहा है, वह यूक्रेन को लगातार तबाह करने वाला है। इस बीच, रूस और यूक्रेन के बीच मंगलवार को तुर्की में आमने-सामने की वार्ता शुरू होने के साथ उम्मीद लगायी जा रही है कि युद्ध समाप्त किए जाने पर कोई सहमति बन सकती है। पश्चिमी देशों के अधिकारियों ने कहा है कि रूस पूर्वी यूक्रेन में सैनिकों का जमावड़ा कर रहा है लेकिन यह अभी नहीं कहा जा सकता कि क्या कीव के आसपास सैन्य अभियान कम करने का मॉस्को का दावा सही है। यूक्रेन के राष्ट्रपति के एक सलाहकार ने कहा कि इस्तांबुल में हो रही बैठक के दौरान युद्धविराम पर सहमति के साथ ही यूक्रेन की सुरक्षा गारंटी जैसे मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इससे पहले भी दोनों देशों के वार्ताकारों के बीच हुई अन्य दौर की बातचीत में भी इन मुद्दों पर जोर रहा था। हालांकि, वार्ता असफल रही थी। वार्ता से पहले, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि मॉस्को की मांग के अनुसार उनका देश अपनी तटस्थ स्थिति की घोषणा करने को तैयार है।

## इमरान अहसान फरामोश, कुर्सी के लिए अपने सबसे वफादार आदमी की दे दी बलि: मरियम

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान अपनी कुर्सी बचाने की कोशिशों में जुटे हुए हैं। पार्टी के सांसदों को उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान वाले दिन अनुपस्थित रहने हिदायत के बाद विपक्ष के निशाने पर हैं। पाकिस्तान मुस्लिम लीग (एन) (पीएमएल-एन) की उपाध्यक्ष मरियम नवाज



और 26 मार्च को लाहौर से रैली शुरू करने वाले पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता हमजा शहबाज, जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम-फजल (जेयूआई-एफ) और अन्य पीडीएम दलों के समर्थकों के साथ जुड़ने के लिए इस्लामाबाद पहुंचे। पाकिस्तान के तीन बार प्रधानमंत्री रह चुके नवाज शरीफ की बेटी मरियम ने अपनी कुर्सी बचाने के लिए खान के धार्मिक कार्ड का इस्तेमाल करने व अपने सांसदों को मतदान से रोकने को लेकर इमरान की आलोचना की। प्रधानमंत्री खान द्वारा उनके समर्थन में विशाल रैली करने के एक दिन बाद विपक्षी दल की रैली में मरियम ने कहा, मैं आपको चुनौती देती हूं, कि आप अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान के दिन अपने साथ 172 सांसद लेकर आएं। उन्होंने सरकार द्वारा पाकिस्तान मुस्लिम लीग-कायद पार्टी का समर्थन हासिल करने के लिए पंजाब के मुख्यमंत्री उस्मान बुजदार को दरकिनार करने का आरोप लगाया।

## बुर्का पहन आई महिला ने सीआरपीएफ बंकर पर फेंका पेट्रोल बम



**बारामूला।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के सोपोर में एक महिला ने सीआरपीएफ कैंप पर पेट्रोल बम फेंक दिया। पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई है। हालांकि पेट्रोल बम फेंकने वाली महिला की पहचान नहीं हो सकी है। बम फेंकने वाली महिला ने बुर्का पहना हुआ था। सामने आए वीडियो फुटेज में एक सड़क दिखाई दे रही है। इस पर कुछ लोग चहलकदमी करते हुए गुजर रहे हैं। साथ ही दोपहिया वाहन भी गुजर रहे हैं। इसी दौरान बुर्का पहने एक महिला वीडियो फ्रेम में नजर आती है। वह आकर कैंप के ठीक सामने गली में अचानक रूकती है। इसके बाद कुछ चीजों को अपने साथ रखे बैग से निकालती है। वह किसी चीज में आग लगाती है और उसे फेंक कर तुरंत मौके से फरार हो जाती है। इस अचानक घटना से वहां से गुजर रहे लोग भी हैरान हो जाते हैं और भागने लगते हैं। इसके बाद कुछ जवान पेट्रोल बम से लगी आग को बुझाने के लिए बाल्टी से पानी लाते नजर आते हैं। इससे पहले 19 मार्च को शोपियां जिले के बाबापोरा में सीआरपीएफ शिविर पर हथगोला फेंकने का भी मामला सामने आया था। मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने पिछले हफ्ते मामले में शोपियां के रहने वाले एक संदिग्ध फाजिल-बिन-राशिद को पकड़ा था। पुलिस के अनुसार पूछताछ में राशिद ने खुलासा किया कि वह लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े कुलगाम के बासित अहमद के लिए काम कर रहा था। राशिद ने हथगोला फेंकने की बात भी स्वीकार की थी। इस बीच जम्मू कश्मीर के रैनावाड़ी इलाके में बुधवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकवादी मारे गए। सुरक्षा बलों ने आधी रात को इलाके की घेराबंदी करने के बाद तालाश अभियान शुरू किया था।

## परिचालन बजट बढ़ाने साढ़े 7 करोड़ रुपये देगा भारत: मोदी का ऐलान



### आतंकवाद की चुनौतियों को नहीं कर सकते नजर अंदाज:एस जयशंकर

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिम्सटेक के सम्मेलन को वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा कि बिम्सटेक की स्थापना का ये 25वां वर्ष है इसलिए आज के समिट को मैं विशेष रूप से महत्वपूर्ण मानता हूं। इस लैंडमार्क समिट के परिणाम बिम्सटेक के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय लिखेंगे। मोदी ने आगे कहा कि पिछले 2 सालों के चुनौतीपूर्ण माहौल में राष्ट्रपति राजपक्षे ने बिम्सटेक को कुशल नेतृत्व दिया है। जिसके लिए मैं उनका अभिनंदन करता हूं। आज के चुनौतीपूर्ण वैश्विक परिप्रेक्ष्य में से हमारा क्षेत्र अछूता नहीं रहा है। हम अभी भी कोरोना के दुष्प्रभावों को झेल रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा, पिछले कुछ सप्ताह में यूरोप के डेवलपमेंट से अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के स्थायित्व पर प्रश्नचिन्ह खड़ा हो गया है इस संदर्भ में बिम्सटेक क्षेत्रीय सहयोग को और सक्रिय बनाना महत्वपूर्ण हो गया है। आज हमारे बिम्सटेक चार्टर को अपनाया जा रहा है। बिम्सटेक हमारी अपेक्षाओं को पूरा करे, इसके लिए सचिवालय की क्षमता को बढ़ाना भी महत्त्वपूर्ण है। मेरा सुझाव है कि सेक्रेटरी जनरल इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए एक रोडमैप बनायें। पीएम मोदी ने अपने संबोधन के दौरान वित्ती सहायता देने का भी एलान किया। मोदी ने कहा कि ये महत्त्वपूर्ण कार्य समय और अपेक्षा के अनुरूप पूरा हो, इसके लिए भारत सचिवालय के परिचालन बजट को बढ़ाने के लिए 1 मिलियन डॉलर की वित्तीय सहायता देगा। हमारे आपसी व्यापार को बढ़ाने के लिए बिम्सटेक एफटीए के प्रस्ताव पर शीघ्र प्रगति करना आवश्यक है। हमें अपने देशों के उद्यमियों और स्टार्टअपके बीच आदान-प्रदान भी बढ़ाना चाहिए। इसी के साथ हमें ट्रेड फ़ैसिलिटेशन के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय मानदंड को अपनाने का भी प्रयत्न करना चाहिए। इस बार के बिम्सटेक सम्मेलन को श्रीलंका आयोजित कर रहा है। बिम्सटेक की तैयारियों के लिए वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक 28 मार्च को हुई थी। इसके अगले दिन यानी 29 मार्च को विदेश मंत्रियों की बैठक हुई थी। इस बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सातों सदस्य देशों (भारत, श्रीलंका, म्यांमार, बांग्लादेश, भूटान, थाइलैंड व नेपाल) से आतंकवाद और हिंसक कट्टरता के खिलाफ सामूहिक नीति बनाने का आह्वान किया।

## योगी की दो टूक, लेटलतीफी अथवा एक-दूसरे पर जिम्मेदारी टालने की प्रवृत्ति स्वीकार नहीं होगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों से अपने दायित्व के प्रति सजग रहने की हिदायत देकर कहा कि लेटलतीफी अथवा एक दूसरे पर जिम्मेदारी टालने की प्रवृत्ति कतई स्वीकार नहीं होगी। प्रदेश में लगातार दूसरी बार सरकार की कमान संभालने के बाद योगी ने बुधवार को उच्चाधिकारियों की बैठक में कहा कि समस्याओं के निस्तारण की जवाबदेही तय हो। लेटलतीफी अथवा एक-दूसरे पर जिम्मेदारी टालने की प्रवृत्ति स्वीकार नहीं होगी। कैबिनेट के समक्ष विभागीय प्रस्तुतियां संबंधित मंत्री द्वारा ही किया जाएगा जबकि अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव केवल मदद के लिए मौजूद रहने वाले हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी विभागाध्यक्ष गण अपने अधीनस्थ कार्यालयों का औचक



निरीक्षण करें। कार्यालयों में स्वच्छता, निस्तारित होने के लिए लंबित फाइल की स्थिति, जन शिकायतों के निस्तारण की स्थिति, कार्मिकों की उपस्थिति, समयबद्धता आदि की वस्तुस्थिति का परीक्षण किया जाए। कोरोना के कारण प्रभावित शैक्षिक गतिविधियों पर चिंता जताकर मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना के कारण विगत 2 शैक्षिक सत्र प्रभावित रहे हैं। भौतिक पठन-पाठन नहीं हो सका। इसलिए आगामी सत्र की शुरुआत से पूर्व 'स्कूल चलो अभियान% को वृहद स्वरूप दिया जाना आवश्यक है। विभागीय मंत्री के परामर्श से अभियान के संबंध में विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर ली जाए। एक भी बच्चा स्कूल से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि व्यवस्था की पारदर्शिता और अभिभावक की सुविधा के दृष्टिगत बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में बच्चों के गणवेश आदि के लिए धनराशि सीधे अभिभावक के बैंक खाते में भेजे जाने की व्यवस्था की गई है। इसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिले हैं। यह सुनिश्चित किया जाए कि बच्चे निर्धारित गणवेश में ही विद्यालय आएं।

## हिजाब पहनने की नहीं मिली परमिशन, 40 छात्राओं ने छोड़ा एग्जाम

### 7 परीक्षक भी निलंबित

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के उडुपी जिले की 40 मुस्लिम छात्राओं ने पहली प्री-यूनिवर्सिटी परीक्षा छोड़ दी। छात्राओं का कहना था कि हिजाब विवाद को लेकर हाल में आए उच्च न्यायालय के उस आदेश से आहत हैं, जिसमें स्कूल में हिजाब पहनकर जाने की अनुमति नहीं दी गई है। सूत्रों ने बताया कि छात्राएं 15 मार्च के अदालत के आदेश से आहत थीं, इसकारण उन्होंने हिजाब के बिना परीक्षा में नहीं उपस्थित होने का निर्णय लिया। मंगलवार को परीक्षा छोड़ने वाली छात्राओं में कुंडापुर की 24 लड़कियां, बिंदूर की 14 और उडुपी सरकारी कन्या पीयू कॉलेज की



दो लड़कियां शामिल हैं। यह छात्राएं कक्षा में हिजाब पहनने पर कानूनी लड़ाई में शामिल थीं। इन लड़कियों ने इससे पहले प्रैक्टिकल एग्जाम भी छोड़ दिए थे। आरएन शेट्टी पीयू कॉलेज में 28 मुस्लिम छात्राओं में से 13 परीक्षा में उपस्थित हुईं। हालांकि कुछ छात्राएं हिजाब पहनकर परीक्षा केंद्र पहुंची, लेकिन उन्हें प्रवेश करने की अनुमति नहीं मिली। उडुपी के भंडारकर कॉलेज की पांच में से चार छात्राओं ने परीक्षा दी और बसरूर शारदा कॉलेज की सभी छात्राएं परीक्षा में उपस्थित रहीं। नवुंदा सरकारी पीयू कॉलेज की आठ में से छह छात्राओं ने परीक्षा छोड़ दी जबकि 10 मुस्लिम लड़कियों में से केवल दो परीक्षा में उपस्थित हुईं। सूत्रों ने बताया कि जिले के कुछ निजी कॉलेजों ने लड़कियों को हिजाब पहनकर परीक्षा देने की अनुमति दी। सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक उच्च न्यायालय को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर तत्काल सुनवाई करने से 24 मार्च को इनकार कर दिया था। इस बीच बुधवार को 7 परीक्षकों को भी निलंबित कर दिया गया।

## खास खबर

### केजरीवाल के घर के बाहर उपद्रव, बीजेपी पर सीएम के घर हमले का आरोप

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के आवास के पास प्रदर्शन कर रहे लोगों ने बुधवार को कथित तौर पर उत्पात मचाया। दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने ट्वीट करके बीजेपी पर सीएम के घर पर हमले का आरोप लगाया। इस घटना के बाद पुलिस ने उन्हें तुरंत मौके से हटाया और करीब 70 लोगों को हिरासत में ले लिया। मनीष सिसोदिया ने ट्वीट कर कहा, दिल्ली में सीएम अरविंद केजरीवाल के घर पर असामाजिक तत्वों ने हमला कर सीसीटीवी कैमरे और सिक्योरिटी बैरियर और गेट पर लगे बूम बैरियर तोड़ दिए हैं। बीजेपी के गुंडे सीएम अरविंद केजरीवाल के घर पर तोड़फोड़ करते रहे। बीजेपी की पुलिस रोकने की जगह उन्हें घर के दरवाजे तक लेकर आई। उत्तरी जिले की सिविल लाइंस पुलिस ने बताया कि सुबह 11:30 बजे भाजपा युवा मोर्चा के लगभग 150-200 प्रदर्शनकारियों द्वारा सीएम आवास के बाहर (आईपी कॉलेज के पास लिंक रोड पर) फिल्म द कश्मीर फाइल्स के संबंध में दिल्ली विधानसभा में सीएम की टिप्पणी के खिलाफ धरना शुरू किया गया था। इस दौरान दोपहर करीब 1 बजे कुछ प्रदर्शनकारी दो बैरिकेड्स तोड़कर सीएम आवास के बाहर पहुंच गए जहां उन्होंने नारेबाजी और हंगामा किया। प्रदर्शनकारी अपने साथ पेंट का एक छोटा डिब्बा ले जा रहे थे, जिससे उन्होंने दरवाजे के बाहर पेंट फेंक दिया। इस हंगामे के बीच एक बूम बैरियर के साथ-साथ एक सीसीटीवी कैमरा भी क्षतिग्रस्त पाया गया है। पुलिस टीम ने उन्हें तुरंत मौके से हटाया और करीब 70 लोगों को हिरासत में लिया। आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की जा रही है।

### भारत के साथ समुद्री सुरक्षा समझौतों से श्रीलंका को कोई खतरा नहीं

**कोलंबो।** श्रीलंकाई सरकार ने कहा है कि भारत के साथ हाल में जिन समुद्री सुरक्षा समझौतों पर हस्ताक्षर हुए हैं, उन समझौतों से द्वीपीय देश की सुरक्षा को कोई खतरा नहीं है। देश के कुछ मीडिया संस्थानों द्वारा गलत व्याख्या की जा रही है। इस सप्ताह यहां भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर के दौरे के दौरान 'समुद्री बचाव समन्वय केंद्र (एमआरसीसी) की स्थापना को लेकर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे। रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया, एमआरसीसी की स्थापना, क्षेत्र में संचालित हो रहे पोतों के संकट में पड़ने पर उनकी तलाश और बचाव के लिए बेहद अहम है। इससे विभिन्न अंतरराष्ट्रीय प्रस्तावों के अनुपालन के साथ पोतों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है। बयान में कहा गया कि श्रीलंका के तलाशी एवं बचाव (एसएआर) क्षेत्र में वाणिज्यिक पोतों के समुद्री एसएआर परिचालन के लिए श्रीलंकाई नौसेना उत्तरदायी है। बयान में भारत की ओर से मुफ्त में 'फ्लोटिंग डॉक% सुविधा प्राप्त होने का भी उल्लेख किया गया। बयान के अनुसार भारत ने श्रीलंका को बिना किसी शुल्क के एक डोर्नियर निगरानी विमान उपलब्ध कराने को भी कहा है।

### दो माह की बच्ची को सात बार बेचा गया, पहला सौदा नाबालिग बच्ची का पिता ने किया

**हैदराबाद।** आंध्रप्रदेश से चौंकाने वाली घटना सामने आई है। नवजात बच्ची को दो माह में सात बार बेचा गया। सबसे पहले नाबालिग बच्ची को सौदा पिता ने किया था। तीन महीने के बच्ची को कथित तौर पर बेचने के आरोप में पुलिस ने आरोपी पिता सहित 11 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी मिली है, कि बच्ची का उसके पिता ने किसी शख्स के पास 70 हजार रुपए में सौदा किया था। आखिरी बार बच्चे को 2.5 लाख रुपए में बेचा गया था। पुलिस के पास मामले की शिकायत बच्ची की मां और दादी ने की थी। आंध्रप्रदेश के मंगलगिरी पुलिस स्टेशन के डीएसपी ने बताया कि बच्ची को उसके पिता ने 70 हजार रुपये में बेच दिया था। मामले का पता तब चला जब बच्चे की मां और दादी ने पुलिस को मामले की सूचना दी।

### केंद्रीय कैबिनेट की मीटिंग से मिल सकती है खुशखबरी बढ़ सकता है महंगाई भत्ता

**नई दिल्ली।** देश के लाखों कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए बढ़ती महंगाई के बीच राहत की खबर आ सकती है। केंद्रीय कर्मचारियों के लिए राहत की खबर ये हो सकती है कि केंद्रीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बढ़ सकता है। आज कैबिनेट की बैठक इन लोगों के महंगाई भत्ते में 3 फ़ीसदी की बढ़ोत्तरी संभव है। अब से कुछ देर में होने वाली कैबिनेट बैठक में इस बात का फैसला हो सकता है। मोदी सरकार केंद्रीय कर्मचारी और पेंशनर्स के महंगाई भत्ते 3 फीसदी की बढ़ोतरी का ऐलान कर सकती है। माना जा रहा है कि आज कैबिनेट की बैठक में मोदी सरकार महंगाई भत्ता यानि डीए बढ़ाने का ऐलान कर सकती है।

## न्यूज़ ट्रैक....

### पुर्तगाल ने विश्व कप फुटबॉल के लिए क्वालीफाई किया

**वाशिंगटन** । पुर्तगान ने इस साल के अंत में कतर में होने वाले विश्व कप फुटबॉल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। कप्तान क्रिस्टियानो रोनाल्डो की टीम ने यूरोपीय प्लेऑफ में उत्तरी मेसेडोनिया को 2-0 से हराकर विश्व कप के लिए टिकट हासिल किया। इसी के साथ ही रोनाल्डो को एक और विश्व कप खेलने का अवसर मिल गया है। पुर्तगाल ने लगातार छठी जबकि कुल आठवीं बार विश्व कप में जगह बनायी। कतर में 21 नवंबर से शुरू होने वाले टूर्नामेंट में मेजबान सहित 32 टीम भाग लेंगी जिनमें से अभी तक 27 टीम ने क्वालीफाई कर लिया है। विश्व कप के ड्रा शुक्रवार को निकाले जाएंगे। पुर्तगाल की जीत से ड्रा के लिये पहली आठ टीम कतर, अर्जेंटीना, बेल्जियम, ब्राजील, इंग्लैंड, फ्रांस, पुर्तगाल और स्पेन तय हुई हैं। वहीं क्रोएशिया, डेनमार्क, जर्मनी, नीदरलैंड, स्विट्जरलैंड और उरुग्वे वरीयता की टीमें दूसरी श्रेणी में शामिल हैं।

### सनराइजर्स को झटका , हार के बाद विलियमसन पर जुर्माना

**पुणे** । सनराइजर्स हैदराबाद को दोहरा झटका लगा है। आईपीएल के 15 वें सत्र में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मिली हार के बाद टीम के कप्तान केन विलियमसन पर धीमी ओवर गति के लिए 15 लाख रुपये का जुर्माना भी लगा है। इस मैच में राजस्थान के हाथों सनराइजर्स को 61 रनों की करारी हार का भी सामना करना पड़ा आईपीएल की ओर से आये एक बयान में कहा कि सनराइजर्स टीम पर यह जुर्माना रॉयल्स के खिलाफ खेले गये आईपीएल मैच के दौरान धीमी ओवर गति के कारण लगाया गया है। साथ ही कहा कि न्यूनतम ओवर दर से जुड़ी आईपीएल की आचार संहिता के तहत टीम का यह इस सत्र में पहला अपराध है, इसलिए सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान केन विलियमसन पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

### डेनमार्क के कप्तान बने एरिक्सन

**कोपेनहेगन** । सर्बिया के खिलाफ होने वाले दोस्ताना फुटबॉल मुकाबले के लिए एरिक्सन को डेनमार्क का कप्तान बनाया गया है। यह पिछले साल यूरोपीय चैम्पियनशिप के दौरान मैदान पर दिल का दौरा पडने़ के बाद उनका पार्केन स्टेडियम में पहला मैच होगा। वहीं डेनमार्क के कोच कैस्पर हजुलमंड ने कहा कि कैस्पर शमीचेल ने एरिक्सन को कप्तानी सौंपने की बात कही थी। यह एरिक्सन के लिए एक भावनात्मक अवसर होगा। वह पिछले साल 12 जून को फिनलैंड के खिलाफ मैच के दौरान दिल का दौरा पडने़ से कोपेनहेगन के इसी स्टेडियम में मैदान पर गिर गये थे। एरिक्सन ने वापसी पर ब्रेंटफोर्ड की तरफ से प्रीमियर लीग में अपना पहला पेशेवर मैच खेला था। वह नीदरलैंड के खिलाफ एम्सटर्डम में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर उतरे थे।

### प्रणय रैंकिंग में ऊपर आये

**नई दिल्ली** । भारत के एच एस प्रणय बीडब्ल्यूएफ (विश्व बैडमिंटन महासंघ) की ताजा रैंकिंग में तीन स्थान ऊपर आकर 23 वें नंबर पर पहुंच गये हैं। प्रणय को स्विस ओपन में उपविजेता रहने का लाभ मिला है। प्रणय के अब बढ़कर 52875 अंक हो गए हैं। वहीं महिला एकल खिताब विजेता पीवी सिंधू अब भी सातवें स्थान पर बनी हुई हैं जबकि अन्य भारतीयों में युवा लक्ष्य सेन पुरुष एकल तथा चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की पुरुष युगल टीम शीर्ष 10 में बनी हुई है।

#### ऑस्ट्रेलिया 9वीं बार विमेंस वर्ल्ड कप के फाइनल में

# सेमीफाइनल में वेस्टइंडीज को 154 रन से हराया

**वेलिंगटन।** ऑस्ट्रेलिया वेस्टइंडीज को 157 रन से हराकर 9वीं बार महिला वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंच गई है। बुधवार को वेलिगंटन में खेला गया पहला सेमीफाइनल बारिश की वजह से देरी से शुरू हुआ। बारिश के कारण मैच 45 ओवर का कर दिया गया। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 45 ओवर में 3 विकेट के नुकसान 305 रन का विशाल स्कोर ख?ा किया। टारगेट का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की पूरी टीम 37 ओवर में 148 पर ढेर हो गई। ऑस्ट्रेलिया की हीली प्लेयर ऑफ द मैच रहीं। ऑस्ट्रेलिया विमेंस वर्ल्ड कप की सफल टीम रही है। सबसे ज्यादा 6 बार वर्ल्ड कप पर कब्जा जमाया है।

### ऑस्ट्रेलिया की अच्छी शुरुआत

ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी रही और पहला विकेट 216 रन पर गिरा। हीली 107 गेंदों पर 129 रन बनाकर आउट हुई। इनके आउट होने के बाद हायेंस भी 231 के स्कोर पर पवेलियन लौट गई। हायेंस ने 100 गेंदों पर 85 रन बनाए। इसके बाद कप्तान लेनिंग ने 26 और मूनी ने 31 गेंद में 43 रन की बेहतरीन पारी खेलकर टीम का स्कोर 300 के पार पहुंचाया। वेस्टइंडीज के लिए हेनरी ने दो और कॉनेल ने एक विकेट लिया। इन दोनों के अलावा किसी भी गेंदबाज को सफलता नहीं मिली। कप्तान



### ऑस्ट्रेलिया ने अब तक के सफर में एक भी मैच नहीं हारी

ऑस्ट्रेलिया ने फाइनल तक के सफर में एक भी मैच नहीं हारी है। सेमीफाइनल से पहले लीग मैच में ऑस्ट्रेलिया अपने सभी मैच जीतकर पॉइंट टेबल में टॉप पर रही। वहीं वेस्टइंडीज की टीम किस्मत के भरोसे फाइनल तक का सफर तय कर पाई है। वह पॉइंट टेबल में टॉप पर रही।

### वेस्टइंडीज शुरुआत खराब

वेस्टइंडीज की शुरुआत खराब रही। पहला विकेट 12 रन पर ही गिर गया। विलियम्स बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गई। वेस्टइंडीज का दूसरा विकेट 44 रन गिरा। डॉटिन 44 रन बनाकर आउट हुई। उनके आउट होने के बाद कप्तान टेलर ने पारी को संभालने का प्रयास किया। वह 75 गेंदों पर 48 रन बनाकर आउट हो गई। उनके आउट होने के बाद कोई भी बल्लेबाज टिक नहीं पाया। वेस्टइंडीज की पूरी टीम 37 ओवर में 148 रन ही बना सकी। ऑस्ट्रेलिया की ओर से जॉनसन ने 2 विकेट लिए।

## 20वीं दिल्ली स्टेट आर्म कुश्ती प्रतियोगिता में रॉयल स्पोर्ट्स क्लब टीम चैंपियन बना



**नई दिल्ली** । 20वीं दिल्ली स्टेट आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता 2020-21 बड़ी सफलता के साथ रॉयल सॉर्ट्स क्लब द्वारा आर्म रेसलिंग एसोसिएशन ऑफ़ नई दिल्ली के तत्वावधान में 27 मार्च 2022 को गुरु नानक पब्लिक स्कूल, पंजाबी बाग में दिल्ली संघ के पूर्व अति वरिष्ठ सदस्य स्वर्गीय राजेंद्र अधिकारी की स्मृति में आयोजित की गई। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि फिल्म अभिनेत्री और पीपीएल निदेशक प्रीति झंगियानी के साथ प्रसिद्ध हस्तियों कैलाश सांकला (काउंसलर) रविंदर गुप्ता, रोशन लाल गोरखपुरिया, विजय मानव, गुरिंदर पाल सिंह, प्रो अनुज कुमार, राज कुमार गोयल, संजीव महाजन, दिनेश पांडे, दीपक सुचदेवा, श्याम सिंह, आशीष कुमार, कमल तंवर सुंदर निगम और अन्य विशिष्ट अतिथि। फिल्म अभिनेत्री प्रीति झंगियानी ने कहा कि आर्म रेसलिंग को बढ़ावा देने के लिए दिल्ली आर्म रेसलिंग एसोसिएशन संघ और मुख्य कोच लक्ष्मण सिंह भंडारी और टीम को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बताया उनकी कंपनी इंडियन आर्म रेसलिंग फेडरेशन के सहयोग से भारतीय आर्म रेसलिंग खिलाड़ियों को व्यापक रूप से बढ़ावा दे रही है और प्रो पांजा लीग के माध्यम से भारत में ही अंतरराष्ट्रीय स्तर के आर्म रेसलिंग इवेंट आयोजित कर रही है। सभी मेहमान बड़ी संख्या में आर्म रेसलिंग खिलाड़ियों विशेष रूप से महिला खिलाड़ियों और सेना के खिलाड़ियों की भागीदारी को देखकर बहुत उत्साहित थे। उन्होंने आयोजकों को शानदार प्रतियोगिता आयोजित करने और सभी खिलाड़ियों को उनकी भागीदारी और आगामी राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए बधाई दी। महासचिव, मुख्य कोच लक्ष्मण सिंह भंडारी ने कहा कि भारत में आर्म रेसलिंग दिन प्रति दिन नई ऊंचाइयों को छू रही है। इस प्रतियोगिता में प्रत्येक भार वर्ग में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

## आईसीसी टूर्नामेंटों में पुरुष और महिला टीमों की इनामी राशि का अंतर कम करेगी आईसीसी

डुनेडिन । अब विश्व स्तरीय टूर्नामेंट में पुरुष और महिला टीमों को मिलने वाली पुरस्कार राशि का अंतर कम हो सकता है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) इस अंतर को कम करने पर विचार कर रहा है। आईसीसी के सीईओ ज्योफ एलार्डिस ने कहा कि आगामी आठ वर्षों (2024-31) के दौरान महिला क्रिकेट में होने वाले आयोजनों को लेकर होने वाली आईसीसी गवर्निंग काउंसील की बैठक में पुरस्कार राशि को लेकर भी बात होगी।

गौरतलब है कि न्यूजीलैंड में इस समय 2022 आईसीसी महिला विश्व कप का आयोजन हो रहा है हालांकि इस विश्व कप की विजेता टीम को साल 2019 में हुए पुरुष विश्व कप की विजेता टीम के मुक़ाबले एक तिहाई पुरस्कार राशि ही मिलेगी। आईसीसी सीईओ ने इसको लेकर कहा कि आईसीसी के आर्थिक मामलों संबंधी ज्यादातर निर्णय आठ वर्षों के लिहाज से लिए जाते हैं पर आगामी 8 वर्षों को ध्यान में रखते हुए हम निसंदेह महिला और पुरुष क्रिकेट के बीच पुरस्कार राशि के इस अंतर को कम कर सकते हैं।

आईसीसी के सीईओ कहा कि हम अगले चक्र के आसपास इस पर चर्चा शुरू करने वाले हैं हमारा लक्ष्य महिला और पुरुष क्रिकेट के आयोजनों में टीमों की अंतिम स्थिति में समानता लाना होगा, हालांकि हम इस समय वहां तक नहीं पहुंच पाए हैं, लेकिन हम पुरस्कार राशि की समानता चाहते हैं।

अगले वर्ष होने वाले महिला टी-20 विश्व कप से पहले जनवरी 2023 में पहली बार महिला अंडर-19 विश्व कप का आयोजन होना है। अंडर-19 विश्व कप टी-20 प्रारूप में खेला जाएगा। आईसीसी अंडर-19 विश्व कप की मेजबानी को लेकर एक हफ्ते के अंदर अंतिम निर्णय लिया जा सकता है।

एलार्डिस ने इस संबंध में कहा कि 2024 से 2027 के दौरान होने वाले आयोजनों को लेकर चर्चा हो चुकी है, हालांकि इन आयोजनों की मेजबानी पर अंतिम फैसला लिया जाना बाकी है। जुलाई महीने में इसकी पुष्टि हो जाएगी। जुलाई महीने तक इन आयोजनों की मेजबानी के संबंध में हमारे पास आवेदन आ जाएंगे और जुलाई महीने के अंत में होने वाले वार्षिक सम्मेलन के दौरान इस पर फैसला लिया जाएगा।

आईसीसी ने हाल ही में 8 टीमों के बीच खेले जाने वाले 2022 महिला विश्व कप के विजेताओं के लिए पुरस्कार राशि को दोगुना कर 1.32 मिलियन डॉलर (लगभग 101,640,000) कर दिया था। इसके साथ ही कुल पुरस्कार राशि में लगभग 75 फीसदी की वृद्धि कर इसे 3.5 मिलियन डॉलर (लगभग 269,500,000) कर दिया गया है, जो कि 2017 के विश्व कप संस्करण की तुलना में 1.5 मिलियन डॉलर अधिक है।

## व्यापार न्यूज

### डॉलर के मुकाबले रुपया चार पैसे बढ़कर 75.69 पर पहुंचा



मुंबई । रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बुधवार को शुरुआती कारोबार में चार पैसे की मजबूती के साथ 75.69 रुपए प्रति डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजारों के अनुकूल रुख और विदेशी बाजारों में डॉलर के कमजोर होने से भी रुपया मजबूत हो रहा है। हालांकि कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों से रुपए की बढ़त सीमित रही। अंतर-बैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 75.65 के भाव पर मजबूत खुला लेकिन यह अपनी बढ़त कायम नहीं रख पाया और 75.69 रुपए प्रति डॉलर के भाव पर पहुंच गया जो महज चार पैसे की बढ़त दर्शाता है। पिछले कारोबारी दिवस पर रुपया 75.73 रुपए प्रति डॉलर के भाव पर बंद हुआ था। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चा तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 1.02 प्रतिशत बढ़कर 111.35 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को आंकने वाला डॉलर सूचकांक 0.24 प्रतिशत कम होकर 98.20 पर आ गया।

### टाटा संस को टीसीएस पुनर्खरीद से मिले 11,164 करोड़

**मुंबई** । टाटा समूह की प्रमुख कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) की 18,000 करोड़ रुपए की शेयर पुनर्खरीद में टाटा संस ने अपने 2.48 करोड़ शेयर बेचकर 11,164 करोड़ रुपए प्राप्त ?किए। इस बीच सरकारी स्वामित्व वाली एलआईसी ने इसमें 11.7 लाख शेयर बेचे और 528 करोड़ रुपए प्राप्त किए। 2 लाख रुपए तक के शेयर रखने वाले छोटे शेयरधारकों ने पुनर्खरीद में 2.53 करोड़ शेयर बेचे, जो उनके लिए इस पुनर्खरीद में आरक्षित शेयर 60 लाख के मुकाबले करीब 4.22 गुना है। अन्य शेयरधारकों ने 27.57 करोड़ शेयर टेंडर किए थे जबकि कंपनी 3.4 करोड़ शेयर खरीदना चाह रही थी और इस तरह से टेंडर किया गया शेयर 8.1 गुना रहा। छोटे शेयरधारकों के वैध आवेदनों की संख्या 9,77,300 रही और अन्य 1,51,377 आवेदन अन्य श्रेणी के शेयरधारकों की तरफ से आए। टीसीएस ने नियामकीय सूचना में यह जानकारी दी है। कुल मिलाकर 4 करोड़ शेयर इस पुनर्खरीद में 4,500 रुपए के भाव पर खरीदे गए, जो पिछले हफ्ते समाप्त हुआ। टीसीएस का शेयर मंगलवार को एनएसई पर 3,701 रुपए पर बंद हुआ। पुनर्खरीद के बाद टीसीएस में टाटा संस की हिस्सेदारी 72.19 फीसदी से बढ़कर 72.30 फीसदी पर पहुंच गई। इस बीच सार्वजनिक शेयरधारिता 27.81 फीसदी से घटकर 27.7 फीसदी रह गई है। टीसीएस की कुल चुकता पूंजी अब घटकर 3.66 अरब शेयर रह गई है, जो पहले 3.7 अरब शेयर रही थी। साल 2017 से टीसीएस चार बार पुनर्खरीद कर चुकी है और इस पर कुल मिलाकर 66,000 करोड़ रुपए खर्च किए हैं।

### सिटी समूह के उपभोक्ता कारोबार को खरीदेगा एक्सिस बैंक

**नई दिल्ली** । एक्सिस बैंक अमेरिका के प्रमुख वित्तीय संस्थान सिटी समूह के भारत में खुदरा बैंकिंग कारोबार का अधिग्रहण करेगा, इस सौदे की घोषणा जल्द ही होगी। जानकारी के मुता?बिक यह सौदा संभवत- 2.5 अरब डॉलर (लगभग 18,000 करोड़ रुपए) में हो सकता है और इसके लिए नियामक मंजूरी लेना पड़ेगी। सिटी समूह ने अप्रैल 2021 में अपनी वैश्विक रणनीति के तहत भारत में अपने उपभोक्ता बैंकिंग कारोबार से बाहर निकलने की घोषणा की थी। बैंक के इस कारोबार में क्रेडिट कार्ड, खुदरा बैंकिंग, आवास ऋण और संपत्ति प्रबंधन शामिल हैं। इस बैंक की भारत में 35 शाखाएं हैं और इसके उपभोक्ता बैंकिंग कारोबार में करीब 4,000 लोग काम करते हैं। सिटी समूह ने भारत में कामकाज 1902 में शुरू किया था और उपभोक्ता बैंकिंग कारोबार में वह 1985 में उतरा था।

#### मजबूती के साथ खुले शेयर बाजार

## सेंसेक्स 479 अंक चढ़ा, निफ्टी 17,468 के पार



**मुंबई** । वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुख और एचडीएफसी तथा आईसीआईसीआई बैंक के शेयर में लिवाली से घरेलू शेयर बाजार के मानक सूचकांक सेंसेक्स में बुधवार को शुरुआती कारोबार में ही लगभग 479 अंक का उछाल देखा गया। बीएसई का तीस शेयरों का सूचकांक सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 478.76 अंक चढ़कर 58,422.41 अंक पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह एनएसई का सूचकांक निफ्टी भी 142.85 अंक की मजबूती के साथ 17,468.15 अंक पर मौजूद था। सेंसेक्स समूह में शामिल कंपनियों में से अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस, भारती एयरटेल, एशियन पेंट्स, एचडीएफसी, इंडसइंड बैंक, बजाज फिनसर्व और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर लाभ की स्थिति में थे। वहीं टाटा स्टील, टेक महिंद्रा, सन फार्मा, डॉ रेड्डीज, टाइटन और एनटीपीसी के लिए शुरुआती कारोबार नुकसानदेह साबित हुआ। पिछले कारोबारी दिवस पर मंगलवार को बीएसई सेंसेक्स 350.16 अंक की बढ़त के साथ 57,943.65 पर बंद हुआ था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 103.30 अंक चढ़कर 17,325.30 अंक पर बंद हुआ था।

### विलय की घोषणा से टाटा कॉफी के शेयर में तेजी

**नई दिल्ली** । टाटा कॉफी के शेयर में बुधवार को सुबह लगभग 13 फीसदी की तेजी दर्ज की गई। इससे पहले टाटा कन्ज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (टीसीपीएल) ने पुनर्गठन योजना के तहत इस कंपनी के सभी कारोबारों को अपने में विलय करने की घोषणा की थी। बीएसई पर टाटा कॉफी लिमिटेड (टीसीएल) का शेयर 12.91 फीसदी की बढ़त के साथ 221.60 रुपए पर आ गया। टाटा कन्ज्यूमर प्रोडक्ट्स का शेयर भी 5.28 फीसदी चढ़कर 782.50 पर आ गया। टीसीपीएल ने टीसीएल के सभी कारोबारों के अपने साथ विलय की मंगलवार को घोषणा की थी। कंपनी ने कहा कि टीसीएल के बागान व्यवसाय का टीसीपीएल की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी टीसीपीएल बेवरेजेज ऐंड फूड्स लिमिटेड (टीबीएफएल) में विलय कर दिया जाएगा।

### सोना फिर हुआ महंगा, चांदी में भी तेजी

**मुंबई** । वैश्विक बाजार में उतार-चढ़ाव की वजह से बुधवार को भारतीय बाजार में भी सोने और चांदी की कीमतों में बढ़ोतरी दर्ज की गई। सोने का भाव एक महीने के निचले स्तर पर पहुंच गया था, जो वापस चढ़ रहा है। एमसीएक्स पर बुधवार को सोने की कीमत 0.45 फीसदी बढ़कर 51,518 रुपए प्रति दस ग्राम पर पहुंच गई है, वहीं चांदी के दाम में 0.21 फीसदी की तेजी आई है। इसके बाद चांदी का भाव उछलकर 67,085 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गया है। वैश्विक बाजार में भी सोने की कीमत पिछले कुछ सत्र में 2 फीसदी गिरने के बाद 0.1 फीसदी चढ़ गई। सोने का हाजिर भाव बुधवार को 1,920.6 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच गया। मंगलवार को यह 1.8 फीसदी की बड़ी गिरावट के साथ 28 फरवरी के बाद सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया था। चांदी की कीमत में भी तेजी आई है। चांदी का हाजिर मूल्य 0.25 फीसदी बढ़त के साथ 24.99 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया।

## रत्न एवं आभूषण क्षेत्र 100 अरब डॉलर निर्यात लक्ष्य तय करें: गोयल

**दुबई** । वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रत्न एवं आभूषण निर्यातकों से आने वाले वर्षों में सालाना 100 अरब डॉलर के निर्यात का लक्ष्य तय करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में निर्यात की दृष्टि से काफी संभावनाएं हैं। गोयल ने उद्योग से आग्रह किया कि वे बेहतर विपणन उपकरण और डिजाइन के जरिए निर्यात बढ़ाएं। गोयल ने रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्द्धन परिषद (जीजेईपीसी) के निर्यात सदस्यों को संबोधित करते हुए ककि कि आइए 100 अरब डॉलर का लक्ष्य तय करें। उन्होंने बताया कि देश के 400 अरब डॉलर के निर्यात में इस क्षेत्र की हिस्सेदारी करीब 10 फीसदी है। भारत ने चालू वित्त वर्ष 2021-22 में 400 अरब डॉलर के निर्यात लक्ष्य को पार कर लिया है। उन्होंने कहा कि सरकार संयुक्त अरब अमीरात और अन्य जगह में इस क्षेत्र के विकास को बढ़ावा देने के लिए एक सूत्रधार और प्रवर्तक के रूप में कार्य करेगी। गौरतलब है कि फरवरी में भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) द्वारा एक व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) पर हस्ताक्षर किए थे, जो एक मई से लागू होगा। उन्होंने कहा कि इस समझौते से यूएई, अफ्रीका और पश्चिम एशिया के देशों सहित अन्य क्षेत्रों को निर्यात में बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। यूएई में हमारा निर्यात बढ़ रहा है और आने वाले वर्षों में हम इसे दोगुना या तिगुना करने के लिए काम करेंगे। गोयल ने दुबई में हाल ही में द इंडिया ज्वेलरी एक्पोजिशन (आईजेईएक्स) केंद्र का भी उदघाटन किया।

## भारत भरेगा दुनिया का पेट, गेहूं का रिकॉर्ड निर्यात

**मुंबई** । रूस-यूक्रेन जंग के कारण दुनियाभर में गेहूं की कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई हैं। भारत के पास गेहूं के बफर स्टॉक होने की खबरों से कीमतों पर लगाम लगी है। भारत के पास फिलहाल 12 मिलियन टन निर्यात लायक गेहूं का स्टॉक है। इस साल भारत दुनिया के उन देशों को गेहूं निर्यात करेगा, जो पहले रूस और यूक्रेन से गेहूं लिया करते थे। इन देशों में दुनिया का सबसे बड़ा गेहूं आयातक मिस्र भी शामिल है।

विशेषज्ञों का कहना है कि खाद्य पदार्थों की कीमतों में विश्वभर में रूस-यूक्रेन युद्ध, अकाल और मांग बढ़ने के कारण भारी बढ़ोतरी हुई है। वहीं शिकागो में बेंचमार्क गेहूं के भाव 13.635 प्रति बुशेल के उच्चतम स्तर को पिछले महीने ही छू चुके हैं। भारत के गेहूं निर्यात करने से विश्व बाजार में गेहूं की सप्लाई बढ़ेगी।

भारत चीन के बाद दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा गेहूं उत्पादक है। सर्वे के अनुसार वर्ष 2022-23 में भारत के पास निर्यात करने लायक 12 मिलियन टन गेहूं है।



अमरीकी कृषि विभाग के अनुसार वित्त वर्ष 2021-22 में भारत ने 8.5 मिलियन टन गेहूं का निर्यात किया था। सप्लाई कम होने और गेहूं की कीमतें बढ़ने के साथ ही बहुत से देश पहली बार भारत से गेहूं का आयात करने वाले है। पिछले पांच फसली सीजन से भारत में रिकॉर्ड गेहूं उत्पादन हो रहा है। इस कारण भारत के पास गेहूं का पर्याप्त अतिरिक्त भंडार है, जिस गेंहू का निर्यात कर सकता है। इस बार का गेहूं कटाई सीजन भी शुरू हो गया है। इस बार भी रिकॉर्ड उत्पादन का अनुमान लगाया जा रहा है। गेहूं निर्यात को लेकर भारत की गेहूं के सबसे बड़े आयातक मिस्र के साथ बातचीत लगभग फाइनल हो चुकी है। इसके अलावा चीन, तुर्की, बोसनिया, सूडान, नाइजीरिया और ईरान भी गेहूं लेने के लिए भारत के साथ बातचीत कर रहे हैं। पिछले दस महीनों में ही भारत के गेहूं निर्यात में चार गुणा बढ़ोतरी हुई है। बदली हुई वैश्विक परिस्थितियों में भारत को बांग्लादेश जैसे पड़ोसी देशों के अलावा अब अफ्रीका और मिडल ईस्ट रीजन में भी निर्यात गेहूं निर्यात के मौके मिलेगा। सिंगापुर स्थित अनाज की बड़ी आयात-निर्यात फर्म एग्रीकूप इंटरनेशनल के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर ने बताया कि भारत के गेहूं निर्यात करने से अंतरराष्ट्रीय मार्केट में गेहूं की सप्लाई कुछ सामान्य होगी। फिलहाल सप्लाई बहुत कम है। भारत के गेहूं निर्यात करने की संभावनाओं ने ही कीमतों पर कुछ लगाम लगेगी है। अगर भारत गेहूं निर्यात नहीं करता,तब गेहूं की कीमतों में भारी उछाल आता।

### पेट्रोल और डीज़ल की कीमतों में आठवीं बार बढ़ोतरी

**नई दिल्ली** । पेट्रोल और डीज़ल की कीमतों में बुधवार को एक बार फिर 80 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई। पिछले नौ दिनों में कुल 5.60 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनियों की तरफ से जारी मूल्य संबंधी अधिसूचना के मुताबिक दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 101.01 रुपए प्रति लीटर से बढ़कर अब 100.21 रुपए प्रति लीटर और डीज़ल की कीमत 91.47 रुपए प्रति लीटर से बढ़कर 92.27 रुपए प्रति लीटर हो गई है। पेट्रोल और डीज़ल की कीमतों में देश भर में वृद्धि की गई है, लेकिन इनके दाम स्थानीय कर के आधार पर अलग-अलग राज्यों में भिन्न हैं। पेट्रोल तथा डीज़ल की कीमतें रिकॉर्ड 137 दिन तक स्थिर रहने के बाद 22 मार्च को बढ़ाई गई थीं। तब से आठवीं बार कीमतों में वृद्धि की गई है। पेट्रोल और डीज़ल की कीमत में अब तक कुल 5.60 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है।

# रकुल प्रीत सिंह बनेंगी कॉन्डम टेस्टर, निभाएंगी अब तक का सबसे बोल्ड अवतार



रकुल प्रीत सिंह अपने करियर का सबसे अलग किरदार करने वाली हैं जो आज तक किसी एक्ट्रेस ने नहीं किया. रॉनी स्क्रूवाला दरअसल रकुल प्रीत सिंह के साथ वुमन सेंट्रिक फिल्म लेकर आ रहे हैं और इसमें रकुल एक कॉन्डम टेस्ट करने वाली महिला का किरदार निभाएंगी. रिपोर्ट के मुताबिक, रकुल इस फिल्म को करने के लिए तैयार हैं. ये एक सोशल कॉमेडी फिल्म है. फिल्म का नाम अभी फाइनल नहीं हुआ है, लेकिन ये कन्फर्म है कि रकुल एक कॉन्डम टेस्टर का किरदार निभाएंगी. जिन्हें पता नहीं है कि कॉन्डम टेस्टर क्या होते हैं उन्हें बता दें कि बड़ी कॉन्डम मैन्यूफेक्क्रर्स 18 साल से ऊपर के लोगों को हायर करते हैं और पे रोल पर उन्हें रखते हैं. उन्हें इंटिमेसी के दौरान चेक करना होता है कि कॉन्डम की ड्यूरेब्लिटी कितनी है. ये हर नए प्रोडक्ट के लॉन्च के दौरान होता है और उनका फीडबैक बहुत महत्वपूर्ण होता है. खबर ये भी है कि इससे भारत में जो कॉन्डम को लेकर लोग अभी शर्माते हैं वो सोच बदल जाएगी. फिल्म बोल्ड होगी, लेकिन साथ ही ह्यूमर के साथ इस सब्जेक्ट को लेकर लोगों को जागरुक किया जाएगा. रकुल जल्द ही अर्जुन कपूर के साथ फिल्म सरदार का ग्रैंडसन में नजर आने वाली हैं. कुछ दिनों पहले फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ था. 'सरदार का ग्रैंडसन' एक नेटफ्लिक्स ओरिजनल फिल्म है, जिसे ओटीटी पर 18 मई को रिलीज किया जाएगा. ट्रेलर रिलीज होने के बाद इस फिल्म को लेकर दर्शकों की तगड़ी प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है. इतना ही नहीं अर्जुन कपूर इस पूरी फिल्म में अपनी दादी की इच्छा पूरी करने की कोशिश में लगे हुए हैं. जिसके वजह से वो लाहौर-अमृतसर एक करते नजर आ रहे हैं. फिल्म को काश्वी नायर डायरेक्टर कर रहे हैं. काश्वी बतौर डायरेक्टर इस फिल्म के जरिए अपना करियर शुरू कर रहे हैं. फिल्म की कहानी नई है और बिलकुल ही अलग है।

## अच्छी कहानी का आगमन किसी भी इंडस्ट्री से हो सकता है : नवीन पोलिशेट्टी

अभिनेता नवीन पोलिशेट्टी की नई तेलुगू फिल्म जथी रत्नालु को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने के बाद से काफी अच्छी प्रतिक्रियाएं मिली हैं। आने वाले समय में नवीन की कई योजनाएं हैं। वह कई भाषाओं में फिल्में करने की चाहत रखते हैं। नवीन ने बताया, मैं देशभर के किसी भी हिस्से की फिल्म में काम करना पसंद करूंगा। कहानी चाहे कहीं की भी हो या निर्देशक कोई भी हो। मैं कई भाषाओं में काम करना चाहता हूं। नवीन साल 2019 में आई सुशांत सिंह अभिनीत फिल्म छिछोरे में एसिड की भूमिका निभाकर बॉलीवुड में अपना डेब्यू कर चुके हैं। इसी साल तेलुगू में आई उनकी फिल्म एजेंट साईं श्रीनिवास आत्रेय को भी दर्शकों ने खूब सराहा था। अभिनेता का कहना है, जथी रत्नालु, छिछोरे, एजेंट जैसी फिल्मों ने अच्छी कहानियों के लिए मेरे दरवाजे खोल दिए हैं। मुझे अलग–अलग इंडस्ट्री से अच्छी कहानियों के ऑफर्स मिल रहे हैं। नवीन आगे कहते हैं, थिएटर में रिलीज होने के बाद जथी रत्नालु को डिजिटली रिलीज किया गया। इसे देशभर के फिल्मकारों और दर्शकों ने देखा। इसके लिए अमेजन का आभारी हूं। चीजें अब काफी ज्यादा ओपन हो गई है।

## लॉकडाउन के दौरान आवारा जानवरों को खाना खिलाएं: रश्मि अगड़ेकर

अभिनेत्री रश्मि अगड़ेकर जानवरों से काफी प्रेम करती हैं। उनका मानना है कि भले ही कोविड-19 आवारा जानवरों को प्रभावित नहीं करता है, मगर लॉकडाउन से उन पर असर पड़ना तय है। अभिनेत्री ने कहा, कई दुकानदार और स्टोर, जो अपने आस-पास जानवरों को खाना खिलाते हैं, वे लॉकडाउन के कारण ऐसा करने में सक्षम नहीं हो सकते हैं। यदि आप पड़ोस में ऐसे जानवरों के बारे में जानते हैं, तो कृपया उन्हें खिलाएं या उनके लिए बाहर खाना और पानी छोड़ दें। हमें यह समझने की आवश्यकता है कि चाहे महामारी आवारा घूमने वाले जानवरों को प्रभावित नहीं करती हो, मगर लॉकडाउन करता है। इसके अलावा, पशुओं को खाना खिलाने वालों को आवश्यक सेवाओं के हिस्से के रूप में अनुमति है। उन्होंने कहा, अगर आप घर पर एक पालतू जानवर नहीं ला सकते हैं, तो कम से कम आप यह तो कर सकते हैं कि अपने आस-पास के आवारा जानवरों को खाना खिलाएं। जानवरों के आवासीय कंपाउंड में प्रवेश पर प्रतिबंध को रोकें और इसके बजाय उन्हें खाना खिलाएं।

## मनीष गोपलानी जट यमला म्यूजिक वीडियो में आएंगे नजर

बेपनाह प्यार और डिटेक्टिव दीदी जैसे शो में दिखने वाले टेलीविजन अभिनेता मनीष गोपलानी संगीत वीडियो जट यमला में अभिनेत्री सबा खान के साथ स्क्रीन साझा कर रहे हैं। यह एक रोमांटिक डांस ट्रैक है जिसे हाल ही में निर्देशक अमित कुमार ने पंजाब में शूट किया था। परियोजना के बारे में बात करते हुए, मनीष कहते हैं कि आज विभिन्न प्लेटफार्मों का हिस्सा बनना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, आजकल हम सभी जानते हैं कि बहुत सारे प्लेटफॉर्म आ रहे हैं। इसलिए यह हम सभी के लिए एक अच्छा अवसर है।

# अजय देवगन ने ठुकराया यशराज बैनर की सुपरहीरो फिल्म का आफर



बॉलीवुड के सिंघम अभिनेता अजय देवगन आने वाले दिनों में एक के बाद एक कई धांसू प्रोजेक्ट में नजर आने वाले हैं। जिसके जरिए वो ओटीटी प्लेटफॉर्म और सिनेमाघरों में धमाका करने के लिए तैयार है। अब ऐसे में अभिनेता अजय देवगन को लेकर एक और बड़ी खबर सामने आ रही थी कि अजय देवगन जल्दी ही यश राज बैनर की अगली फिल्म में नजर आने वाले है। अजय देवगन यशराज बैनर की अगली सुपर हीरो फिल्म साइन की है। जिसमें उनके साथ अहान पांडे भी नजर आने वाले है जो इसी फिल्म के साथ अपना डेब्यू करेंगें फिल्म में अजय देवगन सुपर विलेन के रोल में नजर आने वाले थे। हालांकि अब अभिनेता अजय देवगन ने यशराज बैनर की सुपर हीरो वाली फिल्म को लेकर एक बड़ी खबर आई है। अजय देवगन के चाहने वालों के लिए एक बुरी खबर सामने आई है वो ये है कि अजय ने यशराज बैनर की सुपर हीरो वाली फिल्म से अपने हाथ पीछे खींच लिए हैं। खबरों के अनुसार अजय देवगन ने अपने बिजी शेड्यूल के चलते ये बड़ा फैसला किया है। रिपोर्ट की मानें तो अजय देवगन इस फिल्म का हिस्सा बनने से इनकार कर दिया है। अजय इंडस्ट्री के सबसे बिजी कलाकार में से एक है। जो आने वाले दिनों में करीब आधा दर्जन से ज्यादा फिल्मों में नजर आने वाले हैं। ऐसे में अभिनेता के पास सुपर हीरो फिल्म को तारीख देने के लिए समय नहीं है। जिसकी वजह से अजय यशराज की फिल्म के ऑफर को ठुकरा दिया है। सुपर हीरो फिल्म पिछले काफी समय से अटकी पड़ी हुई है। अगर हम बात करें अजय देवगन के काम की तो वो आने वाले दिनों में कई फिल्मों में नजर आने वाले हैं।



# पुतिन के तेवर

रूस और यूक्रेन के बीच जंग को एक माह से ज्यादा का समय हो गया है। दूसरी तरफ इस संकट का डिप्लोमैटिक समाधान भी तलाशा जा रहा है। इसी के मद्देनजर रूस के अरबपति और चेल्सी फुटबॉल क्लब के मालिक रोमन अब्रामोविच यूक्रेन के राष्ट्रपति का खत लेकर पुतिन के पास पहुंचे थे। इस खत में जेलेंस्की ने उन शर्तों के बारे में बताया था, जिससे युद्ध रोका जा सकता है। इस पर भड़कते हुए पुतिन ने कहा कि मैं यूक्रेन को बर्बाद कर दूंगा। पुतिन के इस बयान से साफ है कि वे जिस रणनीति को लेकर निकले थे, उससे पीछे हटने वाले नहीं हैं। पुतिन इस बात को जानते हैं कि इस समय अगर उन्होंने कदम वापस लिए तो दुनियाभर में उनका विरोध और तेज हो जाएगा। साथ ही अमेरिका और अन्य देशों को दबाव बनाने का मौका मिल जाएगा। हालांकि, यूरोपीय देश ब्रिटेन की तरफ से रूस को एक ऑफर दिया गया है। ब्रिटेन की विदेश मंत्री लिज ट्रस ने कहा कि अगर रूस जंग को खत्म करता है और यूक्रेन से अपनी सेना को वापस बुलाता है तो ब्रिटेन रूस और उसकी कंपनियों पर लगे प्रतिबंध हटा देगा। मगर अभी पुतिन किसी की सुनने वाले नहीं हैं। पिछले दिनों यूक्रेन पर हमले रोकने के लिए रूस ने अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के आदेश की अनदेखी कर अपनी हठधर्मिता दिखाई थी। अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के आदेश के बावजूद यूक्रेन के शहरों पर उसकी सेना ताबड़तोड़ हमले कर रही है। रोजाना बेगुनाह नागरिक मारे जा रहे हैं। पूरी दुनिया को ठेंगा दिखाते हुए रूस जिस आक्रामकता से यूक्रेन को रौंदता जा रहा है, उससे साफ है कि उसे अब किसी की भी परवाह नहीं। चीन ने जिस तरह की नीति दिखाई है, जाहिर है वह रूस के समर्थन की ही है। भारत सहित कुछ देश तटस्थ बने हुए हैं और दोनों पक्षों से शांति की अपील कर रहे हैं। खतरा ज्यादा इसलिए भी बढ़ गया है कि परमाणु हमले करने वाली सैन्य कमान को पुतिन पहले ही तैयार रहने को कह चुके हैं। हालांकि यह उतना आसान भी नहीं है। पुतिन इस बात को भली भांति समझते हैं कि ऐसा करना पूरी दुनिया को तीसरे विश्व युद्ध में झोंकने जैसा होगा। यों इस जंग में रूस को पसीना आने लगा है। बड़ी संख्या में रूसी सैनिक मारे गए हैं। अगर रूसी सेना कीव पर कब्जा नहीं कर पाई है तो इससे यूक्रेन की सैन्य ताकत के साथ उसके और नागरिकों के मनोबल का भी पता चलता है। यूक्रेन की सेना भी पूरी ताकत से रूस को जवाब दे रही है। रूस को लग रहा था कि जंग कुछ ही दिनों में खत्म हो जाएगी। पर ऐसा हुआ नहीं। पुतिन इस वक्त युद्धोन्माद में डूबे हैं। ऐसे में रूस के परमाणु हथियार के इस्तेमाल करने की आशंका से कैसे इनकार किया जा सकता है? रूसी मिसाइलों और बमों से यूक्रेन के कई शहर खंडहर हो चुके हैं। जान बचाने के लिए 50 लाख लोग इस देश से पलायन कर चुके हैं। कहने को रूस और यूक्रेन के बीच वार्ताओं के कई दौर भी हो चुके हैं, लेकिन सब बेनतीजा। रूसी राष्ट्रपति एक ही जिद पर तुले हैं कि यूक्रेन किसी भी सूरत में नाटो का सदस्य नहीं बने और स्वीडन, स्विटजरलैंड जैसे देशों की तरह सीमित सेना रखे। यूक्रेन के सामने अस्तित्व का गंभीर सवाल है। यूक्रेन अगर वह रूस की इस शर्त के आगे झुक गया तो उसकी स्थिति एक गुलाम देश जैसी हो जाएगी। इसलिए यूक्रेन आसानी से हार कैसे मान ले! रूस-यूक्रेन की जंग का असर वैश्विक अर्थव्यवस्था पर साफ दिखने लगा है। युद्ध के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था चरमराने को लेकर चिंता इसलिए भी बढ़ गई है कि ज्यादातर देश महामारी की मार से अभी तक उबरे भी नहीं थे कि दूसरा संकट सिर पर आ गया। युद्ध और महामारी जैसी विपत्तियां मानव जीवन को कैसे तबाह कर देती हैं।

# योगीआदित्यनाथ का भव्य समारोह में राजतिलक

**विनोद तकियावाला**

हमारा इतिहास साक्षी है कि भारत राजनीति में उत्तर प्रदेश की भुमिका अंहम होती है। हाल के दिनों सम्पन्न हुए पाँच राज्यों के विधान सभा के चुनाव में सत्तारुढ़ भाजपा की चार राज्यों में ऐतिहासिक विजय हुई है।इन चार राज्यो में से सबसे महत्वपूर्ण राज्य उत्तर प्रदेश है, क्योंकि दिल्ली दरबार के सिंघासन का रास्ता लखनऊ से हो कर जाता है।जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण शुक्रवार की भव्य शाम अटल विहारी बाजपेई स्टेडियम में योगी के राज तिलक भव्य समारोह में देश के प्रधान मंत्री,गृहमंत्री,रक्षा मंत्री कई राज्यपाल कई राज्यो के मुख्य मंत्री राजनयिक,राजनीतिज्ञ विशेषज्ञ आदि की उपस्थित रही। मौका था ,योगी आदित्यनाथ के द्वितीय पारी के सपथ ग्रहण समारोह के साक्षी बनने का स्वर्णिम अवसर। ऐसे में राज्य के कई नेताओं के समर्थको के खेमो में खुशी था तो वही दुसरी खेमें में गम का माहोल था क्योंकि -योगी जी के पार्ट -2 के नये मंत्रिमंडल से कई पुराने मंत्रीयो को जगह नही मिल पाया है। इनमें डॉ. दिनेश शर्मा,आशुतोष टंडन सतीश महाना,श्रीकांत शर्मा सिद्धार्थनाथ सिंह,महेंद्र सिंह रामनरेश अग्निहोत्री,जय प्रताप सिंह,नीलकंठ तिवारी नीलिमा कटियार,अशोक कटरिया

**श्रीराम चौहान,मोहसिन रजा**

**मनोहर लाल,मुन्नू कोरी,सुरेश कुमार पासी,अनिल शर्मा**

**महेशचंद्र गुप्ता,डा.जीएस धर्मेश**

**लाखन सिंह राजपूत,चौधरी उदय भान सिंह,रमाशंकर सिंह पटेल**

**जय कुमार सिंह जैकी वअतुल गर्ग**

योगीराज पार्ट-2 ~ के नए मंत्रिमंडल की टीम में जिन्हे सामिल किये गये है उनमें जाति समीकरण का विशेष ध्यान रखा गया है। जिसकी तस्वीर इस प्रकार है।21 सवर्ण,20 ओबीसी, 9 दलित,एक मुस्लिम,एक सिख ।सर्व विदित रहे कि आदित्यनाथ ने देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश के चहुंमुखी विकास के लिए जैसे ही मुख्यमंत्री पद की शपथ लेकर प्रदेश की राजनीति में इतिहास रच दिया।वे लगातार दूसरी बार मुख्यमंत्री बने।पांच साल का कार्यकाल पूरा कर चुनाव की अग्निपरीक्षा में खरा उतरने के बाद प्रदेश की सत्ता के सिंघासन संभालने वाले वे इकलौते मुख्यमंत्री बन गए है,योगीराज 2.0 में भी दो उप मुख्यमंत्रियों ने शपथ ली है। सबसे चोकाने वाली बात यह है कि हार के बावजूद केशव प्रसाद मौर्य के कद को बरकरार रखा गया है।वहीं पूर्व में कानून मंत्री रहे ब्रजेश पाठक का कद बढ़ाते हुए नया उप मुख्यमंत्री बनाया गया है। डॉ. दिनेश शर्मा को इस बार कैबिनेट में जगह नहीं मिली है। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने योगी के साथ 52 मंत्रियों को शपथ दिलाई।इनमें 18 कैबिनेट मंत्री,14 स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री और 20 राज्यमंत्री हैं।खास बात यह है कि इनमें 31 नए चेहरे हैं। नए मंत्रिमंडल के सामने नए संकल्प और लक्ष्य हैं।दो साल बाद ही लोकसभा का चुनाव 2024 में होना है।योगी की नई टीम के सामने सुशासन को सुदृढ़ करने के साथ वर्ष 2024 की बड़ी चुनौती रहेगी।नये मंत्रि मण्डल में जाति समीकरण का विशेष ध्यान में रख कर बनाया गया है।नये मंत्रीमंडल में ओबीसी वर्ग के 20,एससी - 8,मुस्लिम-1,सिख -1,एसटी-1,ब्राह्मण- 7,ठाकुर-7,वैश्य -3भूमिहार - 2,खत्री-1,कायस्थ -1आजाद अंसारी बनाए गए जो इकलौते मुस्लिम मंत्री।दो डिप्टी सीएम समेत 52 मंत्री भी शपथ ली।दो उप मुख्य मंत्री के रूप में लखनऊ कैंट से विधायक ब्रजेश पाठक उपमुख्यमंत्री बना ये गये केशव प्रसाद मौर्य चुनाव हारने के बाद भी उपमुख्यमंत्री बनें है। जिसे राजनीतिज्ञ के पंडित यो में चर्चा व चिन्तन का विषय बना हुआा है ।योगी आदित्यनाथ ने शपथ से पहले शुक्रवार सुबह अपने सभी भावी मंत्रियों को चाय पर बुलाया।इसके बाद विधायकों की आमद के साथ ही मंत्रियों के नाम से भी धीरे-धीरे पर्दा उठने लगा। कुछ विधायकों ने बाहर आकर इसका खुलासा भी किया कि



फोन के बाद उन्हें शाम को मंत्री पद की शपथ की सूचना दी गई है।योगी आदित्यनाथ की सरकार में इकलौते मुस्लिम मंत्री मोहसिन रजा के स्थान पर अब दानिश आजाद अंसारी होंगे।उन्हें राज्यमंत्री बनाया गया है।दानिश छह साल तक भाजपा के छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के कार्यकर्ता रहे है।योगी आदित्यनाथ के दोबारा मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।उन्होंने कहा कि शपथ सिर्फ सरकार बनाने की नहीं,जनता की सच्ची सेवा की भी लेनी चाहिए।उन्होंने ट्वीट किया कि नई सरकार को बधाई कि वो सपा के बनाए स्टेडियम में शपथ ले रही है।शपथ सिर्फ सरकार बनाने की नहीं, जनता की सच्ची सेवा की भी लेनी चाहिए।

विधान सभा जीत का इनाम~40 में से 33 सीटें देने वाले ब्रज क्षेत्र को मिला जीत दिलाने का इनाम, चार कैबिनेट समेत सात मंत्री बनाये गये है।यूपी विधानसभा चुनाव में भाजपा के ब्रज में अच्छे प्रदर्शन का परिणाम आज योगी सरकार 2.0 में भी नजर आया। ब्रज से चार कैबिनेट समेत सात मंत्री बनाए गए हैं, जबकि पिछली बार सरकार गठन के समय चार विधायकों को मंत्रिमंडल में स्थान मिला था।वही दिलचस्प बात यह है कि उत्तराखंड के राज्यपाल पद से इस्तीफा देकर आई बेबीरानी मौर्य (आगरा ग्रामीण),योगेंद्र उपाध्याय (आगरा दक्षिण), चौधरी लक्ष्मीनारायण (छाता, मथुरा) और जयवीर सिंह (मैनपुरी सदर) को इस बार कैबिनेट मंत्री बनाया गया है।वहीं अतरौली से विधायक और कल्याण सिंह के पौत्र संदीप सिंह के साथ ही आगरा निवासी एमएमसी धर्मवीर प्रजापति को राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार तथा अलीगढ़ की खैर सुरक्षित सीट से निर्वाचित अनूप वाल्मीकि को राज्यमंत्री बनाया गया है।ब्रज क्षेत्र में आने वाले आगरा-अलीगढ़ मंडल की 40 में से 33 सीटें जीतकर भाजपा ने इस बार सबको चौंकाया था।किसान आंदोलन समेत कई मुद्दों के चलते इलाके में बड़े नुकसान की आशंका भाजपा को थी,

योगी आदित्यनाथ जी के प्रथम पारी के ससक्त छवि को लेकर उत्तर प्रदेश की जनता की उम्मीदें काफी है % जनता के कसौटी पर कितने खरे उतरेंगे यही अभी अतित के गर्भ में है % हालाकि इच्छा शक्ति के प्रखर छवि वाले व्यक्ति के नाम से भारतीय राजनीति में जाना जाता है जिसकी झलक सपथ ग्रहण के दुसरे दिन नये मंत्रिमण्डल के दो बैठक में देखने को मिली % राज्य के जरूरत मंद लाभार्थी को अनाज को उपलब्धता सुनिश्चित करने की घोषणा काफी है हालाकि इसके पीछे राजनीति मंशा भले ही कुछ हो % क्योंकि 2024 में लोक सभा के आम चुनाव होने वाले है। हालाकि दबी जुबान से मिशन 2024 के लिए युद्ध स्तर पर तैयारी कर दी है ताकि उत्तर प्रदेश आगामी लोक सभा के चुनाव में भगवा विजय श्री का रथ का पथ तैयार कर योगी जी मोदी राज तिलक में अपनी अंहम भूमिका निभा सके फ़िलहाल आप सें यह कहते हुए विदा लेते है-ना ही काहूँ से दोस्ती,ना ही काहूँ से बैर।

**खबरीलाल तो माँगे सबकी खैर ।। फिर मिलेंगे तीरक्षी नजर से तीखी खबर के संग आप से मिलेगे . तब तक के अलविदा ।**

## कर्म का फल हैं योनियां

जीवों में शरीर तथा इन्द्रियों की विभिन्न अभिव्यक्तियां प्रकृति के कारण हैं। कुल मिलाकर 84 लाख भिन्न-भिन्न योनियां हैं और ये सब प्रकृतिजन्य हैं। जीव के विभिन्न इन्द्रिय-सुखों से ये योनिया मिलती हैं जो इस या उस शरीर में रहने की इच्छा करता है। जब उसे विभिन्न शरीर प्राप्त होते हैं तो वह विभिन्न प्रकार के सुख तथा दुख भोगता है। उसके भौतिक सुख-दुख शरीर के कारण होते हैं, स्वयं उसके कारण नहीं। उसकी मूल अवस्था में भोग में कोई सन्देह नहीं रहता, अत~ वही उसकी वास्तविक स्थिति है। वह प्रकृति पर प्रभुत्व जताने के लिए भौतिक जगत में आता है। वैपुंठ लोक शुद्ध है, किन्तु भौतिक जगत में प्रत्येक व्यक्ति विभिन्न प्रकार के शरीर-सुखों को प्राप्त करने के लिए संघर्षरत रहता है। यह कहने से बात और स्पष्ट हो जाएगी कि यह शरीर इन्द्रियों का कार्य है। इन्द्रियां इच्छाओं की पूर्ति का साधन हैं। यह शरीर तथा हेतु रूप इन्द्रियां प्रकृति द्वारा प्रदत्त हैं और जीव को पूर्व आकांक्षा तथा कर्म के अनुसार परिस्थितियों के वश वरदान या शाप मिलता है। जीव की इच्छाओं तथा कर्मों के अनुसार प्रकृति उसे विभिन्न स्थानों में पहुंचाती है। जीव स्वयं ऐसे स्थानों में जाने तथा मिलने वाले सुख-दुख का कारण होता है। एक प्रकार का शरीर प्राप्त होने पर वह प्रकृति के वश में हो जाता है। शरीर, पदार्थ होने के कारण प्रकृति के नियमानुसार कार्य करता है। उस समय शरीर में ऐसी शक्ति नहीं होती कि वह उस नियम को बदल सके। उदाहरण के लिए ज्यों ही वह कुत्ते के शरीर में स्थापित किया जाता है, उसे कुत्ते की भांति आचरण करना होता है। यदि जीव को शूकर का शरीर प्राप्त होता है, तो वह मल खाने तथा शूकर की भांति रहने के लिए बाध्य है। इसी प्रकार यदि जीव को देवता का शरीर प्राप्त होता है, तो उसे अपने शरीर के अनुसार कार्य करना होता है।

# विधायको को सिर्फ एक पेंशन का ऐतिहासिक कदम!

**डॉ श्रीगोपाल नारसन**

देश की जनता लंबे समय से यह मांग करती रही है कि विधायको व सांसदों की पेंशन या तो पूरी तरह से बंद हो या फिर उन्हें सिर्फ एक ही पेंशन मिले ,लेकिन आमजन की इस मांग को अनसुना कर जितनी बार भी सांसद या विधायक रहे उतनी ही पेंशन लेकर देश पर आर्थिक बोझ जारी है।इस बोझ को पहली बार पंजाब में हाल ही में बनी आम आदमी पार्टी की सरकार ने समझा है।इस सरकार ने हर कार्यकाल के लिए पूर्व विधायकों की पेंशन की प्रथा खत्म करते हुए, अब सिर्फ एक कार्यकाल के लिए पेंशन जारी रखने का ऐलान किया है। पूर्व विधायकों को पंजाब में 75 हजार रुपये पेंशन मिलेगी।पंजाब सरकार ने विधायकों की पेंशन को लेकर यह बड़ा फैसला लिया है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने घोषणा की है कि पूर्व विधायकों को केवल एक कार्यकाल के लिए पेंशन मिलेगी। पंजाब ही नही देशभर में अभी तक प्रत्येक कार्यकाल के लिए पेंशन मिलती रही है। पंजाब सरकार के अधिकारियों को 'एक विधायक-एक पेंशन' योजना को लागू करने का निर्देश दिया गया है।अभी तक कई बार चुने गए विधायकों को पेंशन के रूप में कई बार की ही पेंशन के रूप में लाखों रुपये मिल रहे थे। उनमें से कुछ जो सांसद भी रहे हैं, उन्हें केंद्र और राज्य दोनों तरह की पेंशन मिल रही है। इस फैसले से राज्य सरकार के करीब 80 करोड़ रुपये बचेंगे।भगवंत मान ने कहा कि, ÷लोगों की सेवा के वादे के साथ वोट मांगने वाले विधायकों को 3.5 लाख रुपये, 4.5 लाख रुपये और यहां तक कि 5.25 लाख रुपये मासिक पेंशन मिल रही थी। नए फैसले के साथ सरकार की योजना पांच साल में 80 करोड़ रुपये बचाने की है।बचाए गए धन का उपयोग कल्याणकारी योजनाओं के लिए किया जाएगा।÷उदाहरण के तौर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजिंदर कौर भट्ठल, लाल सिंह और पूर्व अकाली दल नेता सरवन सिंह फिल्लौर को 3.25 लाख रुपये जबकि रवि इंदर सिंह और बलविंदर सिंह भिंडर को हर महीने 2.75 लाख रुपये पेंशन के रूप में मिलते हैं।पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल ने सरकार को पत्र लिखा था कि वह



सरकार से किसी भी तरह की पेंशन का दावा नहीं करेंगे और न ही उन्हें कोई पेंशन दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा था कि पैसे का इस्तेमाल लोक कल्याण की योजनाओं के लिए किया जाना चाहिए।हरियाणा सरकार ने कुछ साल पहले पूर्व विधायकों के लिए एक साथ कई पेंशन खत्म कर दी थी। पंजाब में अमरिंदर सिंह की सरकार ने उस वक्त पड़ोसी राज्य से संकेत लेते हुए पेंशन नीति को बदलने पर चर्चा की थी। लेकिन कभी कोई निर्णय उनके द्वारा नहीं लिया गया। पंजाब सरकार के नियमों के अनुसार विधायक को पहले कार्यकाल के लिए 75 हजार रुपये और उसके बाद हर अन्य कार्यकाल के लिए 50 हजार रुपये पेंशन दिए जाने का प्रावधान है।पंजाब में इस समय र 275 पूर्व विधायक अपने अलग-अलग कार्यकाल के लिए पेंशन ले रहे हैं। इसमें राज्य के तीन पूर्व मुख्यमंत्रियों समेत एक दर्जन पूर्व विधायक शामिल हैं जिन्हें कार्यकाल के हिसाब से 5-6 पेंशन तक एक साथ मिल रहीं हैं।पंजाब में मुख्यमंत्री का मासिक वेतन (भत्तों समेत) डेढ़ लाख रुपये बनता है। पूर्व विधायकों में पांच बार मुख्यमंत्री रहे प्रकाश सिंह बादल इस समय 11 पेंशन के हकदार हैं और उन्हें पेंशन की कुल राशि 5,76,150 रुपये मिलती थी। हालांकि उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर पेंशन न लेने की घोषणा की है। पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री राजिंदर कौर भट्ठल, पूर्व मंत्री मनप्रीत सिंह बादल, लाल सिंह और परमिंदर सिंह ढींढसा समेत पंजाब के कई पूर्व विधायक ऐसे हैं जिन्हें उनके कार्यकाल के हिसाब से 5-6 पेंशन मिलती हैं। इसकी कुल रकम 2,75,550 रुपये से 3,25,650 रुपये बनती है।पंजाब राज्य विधान मंडल सदस्य (पेंशन व मेडिकल सुविधा) एक्ट 1977 और पंजाब राज्य विधान मंडल सदस्य (पेंशन व मेडिकल सुविधा) एक्ट 1984 में संशोधन के साथ पंजाब एक्ट नंबर 30 ऑफ 2016 के तहत नोटिफिकेशन जारी करके ऐसा प्रावधान कर दिया गया कि पूर्व विधायक को उनके पहले कार्यकाल के लिए पेंशन के रूप में 15000 रुपये और अगली प्रत्येक टर्म के लिए 10000 रुपये से आगाज होगा।

# गैर प्रजातंत्री प्रयास: स्वतंत्र संवैधानिक संगठनों पर सरकारी अतिक्रमण कहाँ तक उचित....?

## सूडोकु नवताल- 6026

✷✫✫✫✫ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.

■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.

■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .

■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6025 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |

**ओमप्रकाश मेहता**

हमारे देश के संविधान पुस्तिका को सिर्फ 'शपथ' तक सीमित रखने का सरकारी प्रयास किस गैर प्रजातंत्रीय दिशा में देश को लेजा रहा है, इसका एक उदाहरण हमारे संवैधानिक स्वतंत्र संगठन है, जिन पर अवैध अतिक्रमण कर अपनी 'बपौती' मान सरकार कुण्डली मारकर बैठी हुई है और इसी कारण ये स्वतंत्र संवैधानिक संगठन सरकार की हडवादिता व स्वार्थ के चलते गैर संवैधानिक व अप्रजातांत्रिक कार्य करने को मजबूर है।

हमारे देश में चुनाव आयोग सीबीआई, लोकसेवा आयोग आदि ऐसे संवैधानिक संगठन है, जो संवैधानिक रूप से स्वतंत्र व निष्पक्ष भाव से अपना कार्य सम्पन्न कर सकते है और इन्होंने देश की आजादी के बाद उनके गठन के पश्चात कई वर्षों तक निष्पक्ष व स्वतंत्र रूप से संविधान की भावना के अनुरूप कार्य किया भी है, किंतु पिछले पांच दशक से (लगभग आपातकाल के बाद से) देश पर सत्तारूढ़ राजनीतिक दलों पर कुदृष्टि पड़ी और धीरे-धीरे अब इन स्वतंत्र संवैधानिक संगठनों को सरकार पर काबिज राजनीतिक दलों के हाथों की कठपुतली बनने को मजबूर होना पड़ा। जिसके पश्चिम बंगाल के चुनाव, वहां का ताजा नरसंहार तथा देश के अन्य भागों में घटी घटनाएं व चुनाव से जुड़ी विसंगतियां ताजा उदाहरण है। और अब तो इन संवैधानिक संगठनों का सरकार द्वारा इतना अधिक दुरूपयोग किया जा रहा है कि जिसकी विश्व के किसी देश से तुलना नहीं की जा सकती। हमारे मौजूदा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र भाई मोदी जी को



पहली बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के दो साल बाद यह याद आया था कि उन्होंने 2014 के चुनावों के समय ''एक राष्ट्र-एक चुनाव'' तथा समान नागरिक संहिता लागू करने का वादा किया था, उन्होंने उसी समय अपने इन दोनों वादों को शीघ्र मूर्तरूप देने का संकल्प भी लिया था, किंतु इस संकल्प को भी छः साल गुजर गए, मोदी जी 2019 का लोकसभा चुनाव भारी बहुमत से जीतकर पुनः प्रधानमंत्री भी बन गए किंतु ये देशहित के दो वादे आज भी वहीं के वहीं है, क्योंकि इनके लागू करने में 'सत्तारूढ़ दल' को अपना वोट बैंक कम होने की चिंता जो सता रही है, इसी कारण न तो देश का लाखों-करोड़ों रूपया बचाने वाले ''एक राष्ट्र-एक चुनाव'' का वादा पूरा हो पा रहा है और न ही पूरे देश के नागरिकों को समानता के एक सूत्र में पिरोने वाले 'समान नागरिक संहिता' का वादा पूरा हो पा रहा है, ये दोनों महत्वपूर्ण वादें सत्ता की राजनीति के कोहरे में खोकर रह गए।

यदि हम एक राष्ट्र-एक चुनाव की बात करें, तो यह कोई भाजपा द्वारा पैदा किय गया चुनावी नारा नही है, देश की आजादी के बाद 1951 में हुए पहले आम चुनाव से लेकर 1967 तक देश में लोकसभा व राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ ही होते थे, लेकिन 1969 में कुछ राज्य विधानसभाऐं भंग की गई और वहां राष्ट्रपति शासन लागू किए गए, उसके बाद से लोकसभा व राज्य विधानसभाओं के चुनाव उनकी अवधि पूरी होने के हिसाब से अलग-अलग होने लगे उसका परिणाम आज यह दिखाई दे रहा है कि हर वर्ष किसी न किसी राज्य विधानसभा के चुनाव या उपचुनाव होते है और उस पर देश का अपार धन व समय खर्च हो रहा है, सत्तारूढ़ राजनीतिक दल भी चुनावों में व्यस्त हो जाते है जिससे सरकार द्वारा किए जाने वाले जनहित के कार्य नहीं हो पाते और सत्तारूढ़ दल भी राजनीतिक स्पर्द्धा में व्यस्त हो जाता है। अब आज देश की मौजूदा स्थिति यह है कि अभी-अभी पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव निपटे है, इनके बाद इसी वर्ष के अंत में गुजरात, हिमाचल प्रदेश के विधानसभा चुनाव होगें, इसके उपरांत अगले वर्ष फरवरी में नागालैण्ड, त्रिपुरा, मेघालय में चुनाव कराये जायेगें, मई 2023 में कर्नाटक में तथा नवम्बर में मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ व मिजोरम में विधानसभा चुनाव होंगे, इसके महीनें बाद अर्थात् दिसम्बर 2023 में राजस्थान व तेलंगाना की विधानसभाओं के तथा अप्रैल-मई 2024 में लोकसभा के साथ आंध्रप्रदेश, ओडिशा, अरूणाचल तथा सिक्कीम राज्य विधानसभाओं के चुनाव होगें।

# विदेश नीति: कुछ कमी, कुछ बढ़त

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

ऐसा लगता है कि तुर्की में चल रहा रूस-यूक्रेन संवाद शीघ्र ही उनका युद्ध बंद करवा देगा लेकिन इस मौके पर भारतीय विदेश नीति की कमजोरी साफ़-साफ़ उभरकर सामने आ रही है। जो काम भारत को करना चाहिए था, वह तुर्की कर रहा है। यह ठीक है कि तुर्की के अमेरिका और रूस दोनों से अच्छे संबंध हैं और वह नाटो का सदस्य भी है लेकिन इस समय अमेरिका और रूस के भारत के साथ जितने घनिष्ट संबंध हैं, किसी देश के नहीं हैं। इसका प्रमाण तो यह ही है कि दोनों के विदेश मंत्री भारत आ रहे हैं, दोनों देशों के राष्ट्रपति भारतीय प्रधानमंत्री से बात कर रहे हैं और दोनों महाशक्तियां भरपूर कोशिश कर रही हैं कि वे भारत को अपनी तरफ झुका लें लेकिन भारत अपनी तटस्थता की टेक पर मजबूती से टिका हुआ है। संयुक्तराष्ट्र संघ में जब भी मतदान हुआ है, उसने न तो रूस के समर्थन में वोट डाला और न ही अमेरिका के समर्थन में। लेकिन दुर्भाग्य है कि इसी साहस का परिचय उसने युद्ध बंद करवाने में नहीं दिया। फिर भी इस समय विदेश नीति के क्षेत्र में भारत काफी सक्रिय है। हर सप्ताह के दो-तीन दिन कोई न कोई विदेशी मेहमान भारत जरुर आ रहा है और भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित दोभाल भी विदेश यात्राएं कर रहे हैं। रूसी विदेश मंत्री सर्गेइ लावरोव यदि नई दिल्ली आ रहे हैं तो अमेरिका ने अपने उप-सुरक्षा सलाहकार दलीपसिंह को भारत भेज दिया है ताकि भारत सरकार लावरोव के भुलावे में न फंस जाए। अमेरिका और नाटो राष्ट्रों की भरसक कोशिश है कि भारत किसी न किसी रुप में रूस की भर्त्सना करे और उस पर प्रतिबंधों को भी लागू करे लेकिन रूसी व्यापारिक प्रतिनिधि आजकल दिल्ली में बैठकर यह कोशिश कर रहे हैं कि भारत को बड़ी मात्रा में तेल कैसे बेचा जाए। इस्राइली प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट भी भारत आनेवाले थे लेकिन अस्वस्थता के कारण उनकी यात्रा अभी टल गई है। इस बीच बिम्सटेक की बैठक के लिए जयशंकर श्रीलंका पहुंचे हुए हैं। बिम्सटेक के सात देशों की बैठक को हमारे प्रधानमंत्री भी संबोधित कर रहे हैं। ये सात देश अपना घोषणा पत्र तैयार कर रहे हैं और आपसी सहयोग का महत्वपूर्ण समझौता भी कर रहे हैं। दक्षेस के निष्क्रिय होने पर बिम्सटेक की सक्रियता विशेष स्वागत योग्य है। इस समय जयशंकर की यह श्रीलंका-यात्रा बहुत सार्थक और सामयिक सिद्ध हो रही है, क्योंकि श्रीलंका के अपूर्व आर्थिक संकट में भारत ने सीधी मदद की घोषणा की है।

# पूजा के विवाह के लिए सेवाभावी महिलाओं ने दिए 72 हजार रूपए

### लायंस क्लब, रोटरी व जेसीआई सहित अन्य संगठनों ने किया सहयोग



**मुरैना।** पति पप्पू नागर के देहांत के बाद जैसे-तैसे परिवार चला रही उमलेश ने अपनी बेटी पूजा का रिश्ता तो तय कर दिया था, लेकिन चिंता थी कि ब्याह पर होने वाले खर्च को कैसे वहन कर सकेंगे। शादी की रस्म सामूहिक सम्मेलन से करने का तय किया, लेकिन उसके लिए भी पंजीयन शुल्क के रूप में 72 हजार रुपये की जरूरत थी। इत्तेफाक से उनकी इस चिंता के बारे में कुछ सेवाभावी महिलाओं को पता चला और देखते ही देखते उन्होंने पूजा के ब्याह के लिए आवश्यक धनराशि जुटा डाली। जेसीआई मुरैना जागृति की फाउंडर प्रेसिडेंट और जैन मिलन महिला की केंद्रीय संयोजिका भावना जैन को ठीक एक माह पहले पूजा के ब्याह में मदद का प्रस्ताव आया था। उन्हें बताया गया कि जिस युवती का ब्याह होना है, उसके परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। इस टास्क को उन्होंने एक संकल्प की तरह लिया और शहर में सक्रिय तमाम सामाजिक संगठनों तक इस आशय का संदेश पहुंचा दिया। बस फिर क्या था, मदद के लिए कई हाथ आगे बढने लगे। रोटरी क्लब मुरैना, जेसीआई जागृति, विश्व हिन्दू परिषद, मातृशक्ति, लायंस क्लब वेस्ट, लायंस क्लब समन्वय आचार्य आंनद क्लब, जैन मिलन, ब्रेव वूमन क्लब आदि संगठनों के पदाधिकारियों व सदस्यों ने यथायोग्य सहयोग दिया तो कुछ ही दिन के भीतर पंजीयन के लिए जरूरी 72 हजार रुपये की धनराशि एकत्रित हो गयी। मंगलवार को दोपहर कुछ दानदाताओं ने यह धनराशि उमलेश नागर की मौजूदगी में उनकी बेटी पूजा के हाथ पर रखी, ताकि वे निश्चिंत होकर ब्याह की तैयारी शुरू कर सकें। इस अवसर पर लायंस क्लब वेस्ट से सपना गुप्ता, अमित गुप्ता, लायंस क्लब समन्वय से किरण भी मौजूद रहीं। बता दें कि किसी विवाह में सहयोग के लिए महिला समाजसेवियों के सहयोग से इतनी बडी धनराशि कदाचित पहली बार भेंट की गई है।

**नकदी के साथ दिए कई उपहार भी:** आर्थिक रूप से तंगहाल परिवार की बेटी पूजा के ब्याह हेतु आवश्यक नकदी के अलावा सेवाभावी लोगों ने उसे कई उपहार भी भेंट किये। दरअसल विवाह में सहयोग का प्रस्ताव मिलने पर कुछ लोगों ने नकदी की जगह उपहार देने का निश्चय किया था। ऐसे लोगों में से किसी ने पूजा को कीमती साडी भेंट की तो किसी ने चांदी की पायल, बिछुआ, नाक के लिए नथ, बेड शीट या अन्य सामान दिया। गृहस्थी में काम आने वाले उपहार पाकर पूजा और उसके परिजन ने प्रसन्नता का इजहार करते हुए सभी का धन्यवाद अदा किया।

**दिल में छेद से हुई थी पिता की मृत्यु:** पूजा नागर का परिवार अत्यंत गरीब है। पिता पप्पू नागर के दिल मे छेद था। उनके उपचार के लिए भी कुछ समय पहले सामाजिक संगठनों ने आर्थिक मदद की थी, जिसके बाद पप्पू को एम्स दिल्ली में भर्ती कराया गया, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। पप्पू की मौत के बाद उनकी पत्नी उमलेश नागर अपने 6 बच्चों को लेकर झोंपडीनुमा घर में जैसे-तैसे बसर करती आ रही है। बेटी के ब्याह के लिए मदद पाकर वह सेवाभावी सामाजिक कार्यकर्ताओं की सराहना करते नहीं थक रही है।

**मां बोली, हमारी तो हैसियत ही नहीं थी:** सेवाभावी महिलाओं की ओर से इतनी बडी धनराशि और तमाम उपहार मिलने के बाद पूजा की मां उमलेश कृतज्ञ भाव से भर उठी, उन्होंने कहा कि वह तो जैसे-तैसे स्कूल में नौकरी करके बच्चों का पेट पाल रही है। उसकी तो हैसियत ही नहीं थी कि इतने पैसे का इंतजाम कर पाती।

## रोजगार सहायक ने कियोस्क संचालक पर कराया झूठा प्रकरण दर्ज, पीड़ित ने एसपी को दिया ज्ञापन




**मुरैना।** पहाड़गढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम कठोली कियोस्क सेंटर चलाने वाले व्यक्ति पर गांव के रोजगार सहायक ने सरपंच के साथ मिलकर झूठा प्रकरण दर्ज करा दिया और वह मामला दर्ज कराकर संविदा वर्ग 1 की भर्ती मैं अवरोध पैदा करना चाहता है। पीड़ित कियोस्क संचालक ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर मामले की जांच कराने की मांग की है। कियोस्क संचालक अली हुसैन पुत्र असगर खान विकलांग होकर ईमानदारी से ग्रामीणों की सेवा कर रहा है। पीड़ित अली हुसैन ने बताया कि कियोस्क सेंटर पर वह ग्राहकों के आधार कार्ड से फिंगर लगवा कर पैसे निकाल कर देता है, जिसका ग्राम पंचायत कटौली के सरपंच व रोजगार सहायक विरोध करते हैं और मनरेगा का पैसा लोगों को नहीं निकाल कर देने की बात करते हैं। इसी कारण रोजगार सहायक जाकिर हुसैन के द्वारा अपनी पत्नी के साथ पहाड़गढ़ थाने में जाकर झूठी एफ आई आर दर्ज करा दी गई है। पीड़ित ने बताया कि उसके द्वारा एसआई भदोरिया को सभी सत्यता के साक्ष्य दिए गए तथा जिन बच्चों को पढ़ाता है, उनके भी बयान लिए गए, लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है और पुलिस अधीक्षक का हवाला देकर जमानत कराने की बात करते हैं। पीड़ित ने बताया कि वह विकलांग है और उसका संविदा वर्ग एक उच्च माध्यमिक शिक्षक के पद पर चयन हो गया है, जिसमें उसका नाम वेटिंग लिस्ट में है और इसकी जानकारी समस्त ग्राम वासियों सरपंच और रोजगार सहायक को भी है, लेकिन वह झूठी एफआईआर दर्ज कराकर नौकरी नहीं करने देने की धमकी दे रहा है।

## बालिका आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

**मुरैना।** मध्य प्रदेश सरकार द्वारा आत्मरक्षा का प्रशिक्षण मध्य प्रदेश के 52 जिलों में बालिकाओं को दिया जा रहा है, स्कूलों में मास्टर ट्रेनर द्वारा गवर्नमेंट स्कूलों में बालिकाओं के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण फरवरी से निरंतर चल रहा था, उसका समापन किया गया, जिसमें भोपाल से राजेंद्र कुमार एवं मुरैना के बीआरसी व श्रीमती सावित्री के मार्गदर्शन में निरंतर मिडिल स्कूल की छात्राओं का भ्रमण कर सभी बालिकाओं का मनोबल बढ़ाया।

# प्राथमिक शिक्षक भर्ती परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर छात्रों ने निकाली रैली


**कैलारस।** 5 मार्च से व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) द्वारा आयोजित प्राथमिक शिक्षक भर्ती परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक होने की वजह से छात्रों के साथ धोखाधड़ी हुई है उसके खिलाफ छात्र 28 मार्च से पूरे प्रदेश भर में आंदोलनरत है। इसी तारतम्य में मुरैना जिले की कैलारस तहसील में भी प्राथमिक शिक्षक भर्ती परीक्षा अभ्यर्थियों ने परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले पुरानी सब्जी मंडी से लेकर तहसील कार्यालय तक रैली निकाली। इस दौरान हुई सभा को संबोधित करते हुए छात्र नेताओं ने कहा कि सौदेबाजी के चलते आम छात्रों भविष्य के साथ बहुत सरकार ने बड़ा धोखा किया है। शिक्षक भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थी पिछले लंबे समय से तैयारी कर रहे थे। सरकार ने उनकी पूरी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। छात्रों ने आरोप लगाया कि सरकार ने ना केवल पेपर आउट किया है बल्कि असल मायने में छात्रों के भविष्य की सौदेबाजी की है। जिसके चलते हमें सड़कों पर उतरने को मजबूर होना पड़ा है। अगर सरकार छात्र हित चाहती है तो तत्काल इस परीक्षा को रद्द कर दोबारा से परीक्षा आयोजन करें। छात्रों ने चेतावनी दी है कि सरकार यदि मांगों को नहीं मानती है तो आने वाले समय में बड़ा आंदोलन करेंगे। प्रदर्शन का नेतृत्व स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रांतीय संयुक्त सचिव राजवीर धाकड, नगर संयोजक बॉबी धाकड़, महेंद्र धाकड़, शुभम शर्मा, देवेंद्र आर्य, इलियास खान आदि ने किया।




## जिला पंचारात के सीईओ ने चंबल महिला किसान प्रोड्यूसर ग्राम करारी का किया निरीक्षण



**मुरैना।** जिले में मध्यप्रदेश के राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से संचालित चंबल महिला किसान प्रोड्यूसर कंपनी द्वारा संचालित उपार्जन केंद्र का जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोशन कुमार सिंह ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुरैना विकासखंड के ग्राम करारी में संचालित केन्द्र पर कंपनी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अन्य सहयोगी स्टाफ से चर्चा की। इस दौरान कंपनी की खरीदी प्रक्रिया को जिला पंचायत के सीईओ ने समझा और खरीदी केंद्र पर आए किसानों से भी चर्चा की। केन्द्र की संचालिका श्रीमती ममता तोमर ने बताया कि अभी नवीन कार्य होने से किसानों द्वारा कम रुचि ली जा रही है, इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक प्रचार-प्रसार एवं चौपाल के माध्यम से लोगों को समझाईश देने की जरूरत है। कृषि, उद्यानिकी, राजस्व एवं पंचायत विभाग के साथ समन्वय बैठक करने हेतु कंपनी के सीईओ ललित भास्कर को अवगत कराये। एनआरईटीपी योजना अंतर्गत संचालित कंपनी जिसको तकनीकी सहयोग एफडीआरवीसी दिल्ली द्वारा दिया जा रहा है। कंपनी के कार्यों को जल्दी से पूरे जिले में क्रियान्वित किया जाना है। जिससे मुरैना जिले में सरसों तेल ब्रांडिंग एवं मार्केटिंग हेतु भी रणनीति बनाने की आवश्यकता जाहिर की। इस अवसर पर कंपनी के एमटी सक्षम तिवारी विकासखंड प्रबंधक अमित राजपूत एवं अन्य एपीओ भी मौजूद थे।




## मातृशक्ति ने सदस्यता बढाकर सौंपे नवीन दायित्व

### बैठक में गुड़ी पड़वा पर धूमधाम से नववर्ष मनाने का किया आव्हान



मुरैना। विश्व हिंदू परिषद की मातृशक्ति-दुर्गावाहिनी की संगठनात्मक बैठक का आयोजन बुधवार को नई हाउसिंग बोर्ड के तहत श्रीराम विहार कॉलोनी में किया गया। इस दौरान मातृशक्ति की सदस्यता बढाई गई और कुछ नवीन पदाधिकारियों की नियुक्ति भी की गई।

प्रताप खंड में आयोजित बैठक की अध्यक्षता मातृशक्ति की जिला संयोजिका भावना जैन ने की। बैठक में संबंधित क्षेत्र की कुछ महिलाओं को सदस्य के रूप में मातृशक्ति से जोड़ा गया। वहीं गीता सिंह को मातृशक्ति की जिला सहसंयोजिका बनाया गया। इनके अलावा मधु शर्मा को नगर संयोजिका मातृशक्ति, सुमन राजावत को नगर संयोजिका दुर्गावाहिनी तथा साधना राजावत को मातृशक्ति की नगर सहसंयोजिका पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में जिला ससंयोजिका ने गुडी पड़वा पर हिन्दू नववर्ष धूमधाम से मनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि सनातन परंपरा के अनुसार चैत्र प्रतिपदा से ही हमारा नया वर्ष प्रारम्भ होता है। उन्होंने कहा कि हमें हिन्दू रीति रिवाजों के अनुसार ही आचरण करना चाहिए। अपनी संस्कृति की रक्षा करते हुए इसे समृद्ध बनाने का प्रयास करते रहना चाहिए। शशि जैन ने कहा कि हमें अपने खान-पान और पहनावे के मामले में भी पाश्चात्य संस्कृति से प्रभावित नहीं होना, बल्कि हमारे परिधान भारतीयता का परिचय देने वाले होने चाहिए। बैठक के अंत में सभी ने श्रीराम दरबार की आरती भी उतारी। इस अवसर पर रमाकांत मिश्रा जिला मंत्री विश्व हिंदू परिषद, रामपाल जादौन जिला मठ मंदिर प्रमुख, गिरीश शर्मा नगर सह मंत्री विश्व हिंदू परिषद उपस्थित रहे।

## गरीब महिला के घर में घुसकर बलात्कार का प्रयास, दलित होने का फायदा उठा रहा आरोपी



**मुरैना।** पहाड़गढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम कठोली मैं गत रात्रि को एक दलित युवक शराब पीकर गरीब महिला के घर में घुस आया और जमीन पर पटककर बलात्कार का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपी ने मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार रेशमा पत्नी मुंशी खान परिवर्तित नाम ने पुलिस अधीक्षक को अपने पति के साथ आकर ज्ञापन दिया और बताया कि 27 मार्च की रात 8-9 बजे के बीच आरोपी मातादीन पुत्र पन्ना जाटव शराब पीकर घर में घुस आया और गंदी गालियां देते हुए चोटी पकड़कर उसे जमीन पर पटक दिया तथा बलात्कार का प्रयास किया और पति मुंशी खान के आने पर जान से मारने की धमकी दी और कहा कि तुम्हारे खिलाफ हरिजन एक्ट लगवा दूंगा। पीड़ित महिला ने बताया कि उसके पति भीख मांग कर परिवार का जीवन यापन कर रहे हैं। पीड़ित महिला ने बताया कि रात्रि अधिक हो जाने के कारण 27 मार्च को रिपोर्ट नहीं कर सकी तथा सुबह थाने पहुंची तो वहां से उन्हें भगा दिया गया। बाद में पता चला कि मातादीन जाटव ने पीड़ित के परिवार के विरुद्ध ही थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी है। आवेदन मैं बताया कि मातादीन जाटव आदतन अपराधी है तथा इस पर पूर्व में भी बलात्कार का प्रकरण दर्ज है एवं उक्त आरोपी असत्य प्रकरण कराकर उसके बच्चे कदीर खान का भविष्य खराब करना चाहता है। पीड़िता का लड़का बीए फाइनल की पढ़ाई कर रहा है, पीड़ित महिला ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर मामले की निष्पक्ष जांच कराकर आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है।

# बाली कोट किला मैदान विशाल धरना प्रदर्शन

### 35 कोम संघर्ष समिति राजस्थान के बैनर तले शक्ति प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से किया समापन







पुष्पांजली टुडे

**राजस्थान पाली ।** निकटवर्ती बाली कोट किला मैदान स्थित 35 कोम संघर्ष समिति के बैनर तले विशाल धरना प्रदर्शन किया गया। विशाल धरना प्रदर्शन को गंभीरता पूर्वक लेते हुए पाली जिला पुलिस अधीक्षक आईपीएस राजन दुष्यंत के निर्देशानुसार कोट किला परिसर सहित विभिन्न स्थानों पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया। भारतीय संविधान की दृष्टि से 35 कोम के शक्ति प्रदर्शन में नारेबाजी नही कर जातिवाद राजनैतिक या व्यक्तिगत किसी के खिलाफ कोई हमला नही किया विशाल शक्ति प्रदर्शन कार्यक्रम में लोगो ने स्थानीय पुलिस प्रशासन का पूरा सहयोग किया गया। 35 कोम संघर्ष समिति शक्ति प्रदर्शन के दौरान जिला प्रशासन से न्यायपूर्ण कार्य के प्रति मांग की । किसान नेता जयेंद्र सिंह गलथनी के नेतृत्व में धरने का कार्यक्रम किला मैदान पाली में आयोजित हुआ । रैली को संबोधित करते हुए कई वक्ताओं ने भारतीय संविधान के कुछ एक्ट के संशोधन बदलाव करने का किया जिक्र। गैर जिम्मेदार लोगो की गलत हरकतों से आमजन शिकार हो रहा है। किसान नेता गलथनी ने कहा कि बाहरी नेताओं को पाली जिले में प्रवेश देना आमजन को भारी ठेस पहुंची हैं। असामाजिक तत्व के लोग एवं संगठन के माध्यम से जगह जगह पर भड़काऊ भाषण बाजी जातिवाद भावना से माहौल को पूरा खराब करने की पूरी कोशिश की लेकिन ऐसा नहीं हुआ और उनका प्रयास असफल हुआ। कि बाहरी राज्यों से उपद्रव फैलाने के लिए राजस्थान के पाली जिले में वह लोग आए। जिसमें जिला प्रशासन की भूल है। जिसका खामियाजा क्षेत्र की जनता को के रूप में चुकाना पड़ेगा। बाहरी नेता ने दोबारा पाली जिले में आकर यहां का सद्भावना से भरा वातावरण बिगाड़ने के लिए आने का प्रयास किया तो पुलिस प्रशासन उसे रोकने में नाकाम रहा तो सभी मिलकर उसका मुकाबला कर उसे रोकने के लिए तैयार हैं इस दौरान किला मैदान पाली में खचाखच भरे टेंट में पाली जालौर सिरोही राजसमंद जोधपुर बाड़मेर सहित विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में विभिन्न जातियों के प्रतिनिधि पहुंचे उन्होंने आयोजित सभा में वक्ताओं ने अपना अपना पक्ष रखा इस दौरान किसान नेता ने आमजन को संबोधन के बाद रेली जुलूस के रूप में आकर उपखंड अधिकारी धायगुडे स्नेहल नाना को अपनी मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

## मनरेगा में मजदूरी की बढ़ोतरी, अब इस दिन से प्रतिदिन 204 रूपए मिलेंगे



**अश्वनी अवस्थी ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

छत्तीसगढ़ में मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) श्रमिकों को 1 अप्रैल 2022 से प्रतिदिन 204 रूपए की मजदूरी मिलेगी। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा मनरेगा के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए राज्यवार प्रतिदिन मजदूरी की दर का राजपत्र में प्रकाशन कर दिया गया है। मनरेगा के तहत काम करने वाले अकुशल हस्त कर्मकारों हेतु छत्तीसगढ़ के लिए 204 रूपए प्रतिदिन की मजदूरी तय की गई है। यह नई दर 1 अप्रैल 2022 से प्रभावी होंगी। केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए 193 रूपए मजदूरी दर निर्धारित थी। आगामी वित्तीय वर्ष के लिए इसमें 11 रूपए की बढ़ोतरी की गई है

### जिला पंचायत सीईओ ने पंचायत सचिव को किया निलंबित, सचिव पर लगे थे कई गंभीर आरोप

**अश्वनी अवस्थी ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**जशपुर।** छत्तीसगढ़ के जशपुर में 25 मार्च 2022 को विभिन्न योजनाओं की प्रगति के संबंध में समीक्षा बैठक के दौरान दुलदुला विकासखण्ड के ग्राम पंचायत सपघरा के सचिव नरेन्द्र




राम चौहान द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत स्वीकृत मुर्गी शेड, बकरी शेड,एएचजी शेड निर्माण एवं एनजीजीबी योजना संचालन में घोर लापरवाही बरतना पाया गया। इस प्रकार श्री चौहान ग्राम पंचायत सचिव सपघरा द्वारा शासन के महत्वपूर्ण कार्यों में लापरवाही बरतने एवं उच्चाधिकारियों के समय-समय पर दिये गये आदेशों-निर्देशों का अवहेलना किए जाने पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी केएस.मण्डावी ने श्री चौहान ग्राम पंचायत सचिव सपघरा को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में मुख्यालय जनपद पंचायत कार्यालय दुलदुला निर्धारित किया जाता है। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

## चौपाटी सिविल लाईन में संपन्न हुई रस्साकशी स्पर्धा









**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो हेड दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**सतना ।** जिले में लैंगिक समानता (जेंडर इक्वालिटी) के प्रोत्साहन के लिये मंगलवार चौपाटी सिविल लाईन में 15 से 25 वर्ष आयुवर्ग की बेटियों एवं बेटो के मध्य रस्साकशी स्पर्धा का आयोजन किया गया। जिसमें महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सचांलित सशक्त वाहिनी कोचिंग की बेटियों और आरपीएस मार्शल एकडेमी, सतना मार्शल आर्ट्स और व्यंकट वन स्कूल के बेटों ने भाग लिया। इस मौके पर जिला कार्यक्रम अधिकारी सौरभ सिंह, बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष राधा मिश्रा, सहायक संचालक श्याम किशोर द्विवेदी एवं मार्शल आर्ट्स एकेडमी के टीचर उपस्थित थे। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी ने लैंगिक समानता के बारे में जानकारी देते हुये बताया कि स्वस्थ समाज के लिये समान लिंगानुपात को होना बहुत आवश्यक है। यह प्रतियोगिता इसी विषय पर आयोजित की गई है। जिससे बेटियो का हर क्षेत्र में अधिक से अधिक अवसर दिये जायें। ताकि बेटियां हर मुकाम को हासिल कर सकें। सरकार द्वारा बेटियों के विकास के लिये बेटी है तो कल है, बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओं जैसी योजनायें चलाई जा रही हैं।

## आगामी पर्व आपसी भाई चारे के साथ शांति पूर्वक मनाये



**संतोष सिंह भदौरिया पुष्पांजली टुडे**

गोरमी।नगर के थाना प्रांगड़ में शांति समिति की बैठक का आयोजन हुआ जिसमें मुख्य रूप से मेहगांव एसडीएम बरूण अवस्थी एसडीओपी राजेश सिंह राठौर नायव तहसीलदार शिवदत्त कटारे थाना प्रभारी सुरेश चंद्र शर्मा आदि मौजूद थे।इस अबसर पर उपस्थित नगर के गणमान्य जनों से एस डीएम बरूण अवस्थी ने कहा कि आगामी दिनों में नवदुर्गा रमजान का पवित्र माह एबम अन्य पर्व है जिनको हम सब लोगो को शांतिपूर्ण आपसी भाई चारे के साथ मनाये इस अबसर पर स्थानीय नागरिकों ने नगर में जाम एबम अतिक्रम जो मुख्य मार्ग पर है उसका मुद्दा भी रखा एबम दो अप्रैल जिस दिन जिले में दलित एबम अन्य समाज का आंदोलन भड़का था उस दिन शांति बनाये रखने की अपील की गई इस अबसर पर मुख्य रूप से भाजपा के मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक राजकुमार जैन मान सिंह यादव दलवीरसिंह तोमर पटेल यादव सौरव मिश्रा जयवीर पुरोहित अरविंद वर्मा हरिओम कटारे गोपाल अग्रवाल मुन्ना खान मनीष अग्रवाल श्याम थोकदार सोनू भदौरिया रज्जन भदौरिया राजीव श्रीवास्तव मुकेश भदौरिया मनोज दिक्सित सुभाष सोनी दीपक भदौरिया सौरव जैन सुंदर यादव आदि उपस्थित थे

# रोड़ का काम सही गुणवत्ता से ही होगा अन्यथा नही होगा

### मौ की जनता के साथ अन्याय नहीं होने देंगे: मंडल महामंत्री भाजपा



**महेंद्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग**

**मौ।** नगर आज ऋष्टरुकंपनी रोड बनाने का कार्य कर रही है यह रोड मेहगांव से सेवाड़ा की ओर बनाया जा रहा है भारतीय जनता पार्टी ने पूर्व एवं वर्तमान कार्यकर्ता पदाधिकारियों का कहना है की ऋष्टरुकंपनी जो नगर मो में हृष्ठ रोड का निर्माण कर रही है वह बहुत घटिया किस्म का निर्माण कर रही है शासन और इंजीनियरों का ऐसा मानना रहता है कि यहां छोटे बड़े गांव नगर जो रोड निर्माण के बीच में आते हैं वहां पर सीमेंट की रोड बनना चाहिए क्योंकि बस्तियों में कई तरह की अवस्थाएं रहती हैं नगर गांव शहर का पानी जब डामोर की रोड़ पर बहता है तो वह बहुत ही जल्दी उखड़ जाती है यानी कि डाबर पानी के कारण बहुत जल्दी खराब होता है इसलिए गांव नगर शहर जहां भी इन जगहों पर रोड का निर्माण, सीमेंट की सीसी रोड बनाने का कार्य किया जाता है वहीं मौ नगर में जो आरसीसी की की रोड बनाई जा रही है ऋष्टरु कंपनी के द्वारा बहुत ही घटिया बनाई जा रही है। भाजपा के पदाधिकारियों ने काम रोक दिया है और कहा है कि रोड निर्माण, सही गुणवत्ता के साथ ही होगा अन्यथा काम नहीं होगा। हम अपनी मौ की जनता के साथ अन्याय नहीं होने देंगे। विरोध करने वाले नेताओं में भाजपा मंडल अध्यक्ष गोपाल कुशवाह, पूर्व मंडी अध्यक्ष सज्जन सिंह यादव, भाजपा महामंत्री राजू मिश्रा, महामंत्री सुल्तान मौर्य, भाजपा कार्य मंडी डॉक्टर बेताल गोड, पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष वीरेंद्र यादव, पूर्व पार्षद वीरेंद्र यादव, रामावतार सिंह गुर्जर, पंकज कुशवाहा, रामू कुशवाह, सोनपाल यादव,चतुरी कुशवाह , पवन यादव,राकेश कुशवाह, मनोज प्रजापति, सोमवीर शिवहरे, छोटी कुशवाह, पप्पू यादव, वकील यादव एवं सभी नागरिक बंधु उपस्थित रहे।

# नव संवत्सर के चलते श्री मुरली मनोहर सेवा मण्डल की टीम ने सौंपा ज्ञापन



**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**दबोह।** आगामी 2 अप्रैल को हिन्दू नववर्ष यानी कि नव सम्वत्सर का आगमन हो रहा है जिसके चलते नगर की सामाजिक संस्था श्री मुरली मनोहर सेवा मण्डल दबोह द्वारा बुधवार को नगर की समस्याओं के लेकर नगर परिषद सीएमओ के नाम स्व्च्छता नोडल प्रभारी एन आर खेंगर व विधुत विभाग सुपरवाइजर अशोक डावर को ज्ञापन सौंपा।श्री मुरली मनोहर सेवा मण्डल की टीम ने नगर परिषद के ज्ञापन में नगर में टूटे पड़े नाले-नालियों में से सड़क पर गन्दा पानी फैलने को रोकना,मन्दिर जाने वाले रास्ते पर सड़क की सफाई व्यवस्था,मन्दिर जाने वाले मार्ग पर चौक मोहल्ला वार्ड 01 से लेकर मुख्य मार्ग होते हुए मन्दिर के रास्ते तक प्रकाश व्यवस्था व विधुत विभाग को दिए गए ज्ञापन में मेंटिनेंस के कार्य के चलते गलत समय पर विधुत सप्लाई न बन्द करने बावत व विधुत कटौती न कि जाए इसका ध्यान रखने बावत ज्ञापन सौंपा।श्री मुरली मनोहर सेवा मण्डल के अध्यक्ष अर्पित गुप्ता ने बताया कि नवरात्रि शुरू होने वाली हैं जिसके चलते क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल मां रणकौशला देवी के मंदिर पर सुबह लगभग 03 बजे से भक्तो का मंदिर पर आना जाना शुरू हो जाता है।उन्होंने कहा कि दबोह नगर परिषद सोई हुई है क्योंकि नगर में मुख्य मार्गो पर महीनों से अंधेरा पसरा हुआ है जिसके चलते राहगीरों को आये दिन समस्या आती है।अर्पित गुप्ता ने बताया कि मुख्य नगर परिषद अधिकारी के नाम का ज्ञापन स्व्च्छता नोडल अधिकारी एन आर खेंगर को सौंपा गया जिसके उन्होंने तत्काल मौके पर ही स्टाफ को फटकार लगाई और जल्द से ज्ञापन में दी गई समस्याओं को दूर करने की बात कही और आलम कुछ यूं रहा कि उनकी फटकार के बाद से ही नगर परिषद अमला प्रकाश व्यवस्था चुस्त दुरुस्त करने में जुट गया।जिसके चलते अध्यक्ष अर्पित गुप्ता समेत श्री मुरली मनोहर सेवा मण्डल के समस्त समस्यों ने श्री खेंगर का आभार व्यक्त किया।साथ ही विधुत विभाग सुपरवाइजर अशोक डावर ने भी विधुत कटौती कम करने का आश्वासन दिया।ज्ञापन देने वालो में प्रमुख रूप से श्री मुरली मनोहर सेवा मण्डल अध्यक्ष अर्पित गुप्ता,राजभुवन यादव,शशि बुधौलिया,सोनू गुप्ता,रोहित गुप्ता,प्रतीक गुप्ता,अल्लाह त्रिपाठी,सुधांशु मुदगल,जितेन्द्र यादव,संजय गुप्ता,सहदेव राजावत,छोटू गोस्वामी समेत अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## पुलिस थाना देवगढ के द्वारा एक अवैध 315 बोर का कट्टा व एक जिंदा राउण्ड के साथ आरोपी किया गिरफ्तार



**पुष्पांजली टुडे**

मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि एक व्यक्ति किसी वारदात की नियत से अवैध कट्टा व राउण्ड लिये ग्राम बहादुर पुरा चंबल के किनारे घूम रहा है उक्त सूचना की तस्दीक में मुखबिर के बताये स्थान पहुंचा जहां मुखबिर के बताये हुलिये का व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे हमराही फोर्स की मदद से घेरकर पकडा आरोपी की तलाशी ली गई तो आरोपी के कब्जे से एक 315 बोर का कट्टा व एक जिंदा राउण्ड जप्त किया गया। आरोपी से लायसेंस चाहा गया तो कोई वैध लायसेंस पेश नही किया गया आरोपी का यह कृत्य धारा 25/27 आर्म्स एक्ट का पाया जाने से उक्त कट्टा व राउण्ड को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी देवगढ उ.नि. एस. एस. चौहान, सउनि राकेश गोयल, प्र. आर. भारत सिंह, प्र. आर. गुल्टूराम, आरक्षक भरत परमार, चंद्रवीर, विपिन जाट की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## पुलिस थाना पहाडगढ के द्वारा आदतन अपराधी को एक 315 बोर का कट्टा मय दो जिंदा राउंड के पकड़ा



गौरब शर्मा पुष्पांजली टुडे

**मुरैना।** श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय मुरैना श्री आसुतोष बागरी श्री मान अति पुलिस अधीक्षक महोदय श्री रयासिहं नरवरिया दवारा चलाये जा रहे अभियान तथा श्री मान एसडीओपी मानवेंद्र सिंह के निर्देशन मे अवैध हथियार रखने वालो के विरुद्ध कार्यवाही करने का अभियान चलाया जारहा है मुखबिर की सूचना पर से एक आदतन अपराधी को अवैध 315 बोर का देशी कट्टा,मय दो जिंदा राउंड के गिरफ्तार कर आरोपी के विरूद्ध धारा 25,27 आर्मेस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी पहाडगढ उनि. धर्मेन्द्र सिंह गौर, प्रआर.देवेन्द्र सिंह, प्रआर.श्रीधर रावत आर.प्रदीप जाट,आर. अजीत, आर. सुमित, आर.अर्जुन की सराहनीय भूमिका रही

## विधायक कप प्रतियोगिता का आयोजन 31 मार्च को निराला रंग बिहार मेला ग्राउण्ड भिण्ड में

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** खेल और युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में विधायक, कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के कुशल मार्गदर्शन में विधायक कप प्रतियोगिता का आयोजन 1 मार्च से 31 मार्च 2022 तक जिले के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में आयोजित किया जा रहा है। इसी कडी में 31 मार्च 2022 को सायं 4 बजे से विधानसभा क्षेत्र भिण्ड अन्तर्गत निराला रंग बिहार मेला ग्राउण्ड भिण्ड में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जावेगा। उप सेनानी 17वीं वाहिनी विसबल एवं जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी श्री शैलेन्द भारती ने बताया कि विधायक कप प्रतियोगिता के लिए निःशुल्क एवं आयु सीमा को कोई बंधन नहीं है। प्रतियोगिता में महिला एवं पुरूष प्रतिभागी भाग ले सकेंगे। प्रतिभागी संबंधित विधानसभा का होना अनिवार्य है एवं प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाडी को अपने साथ मूल पहचान पत्र लेकर आना होगा जैसे आधार कार्ड, मूल निवासी प्रमाण पत्र लाने होंगे। विधानसभा क्षेत्र स्तर पर स्थानीय खेल निकाय, क्लब, शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों, खेल संघों के खिलाडियों एवं संस्था प्रमुखों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में विधायक कप प्रतियोगिता में अपने अपने खिलाडियों को सम्मिलित होने हेतु प्रेरित करें। अधिक जानकारी के लिए जिला खेल एवं युवा कल्याण कार्यालय पुलिस लाईन भिण्ड में संपर्क कर सकते हैं।

# अप कमिंग फ़िल्म के निर्माण में भर संभव सहयोग दिया जाएगा: समाजसेवी अखलेश राय

### वर्कशाप में मिली हैं कई प्रतिभाएं-फ़िल्म मेकर मोहन आजाद



**सीहोर।** फ़िल्म वर्कशाप के रूप में सीहोर जिले के इतिहास में पहली बार यहां के युवाओं के टेलेंट को पहचानने और तराशने का काम किया गया है। इससे भविष्य में युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने व रोजगार के रूप में एक नया अवसर मिलेगा। इसके बाद आगामी दिनों में जो फ़िल्म का निर्माण होने जा रहा है। उस में भी स्थानीय प्रतिभाओं को मौका मिलने वाला है। यह बड़ी खुशी की बात है। फ़िल्म के निर्माण में मेरी ओर से हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। यह बात मंगलवार को नगर के प्रतिष्ठित दि हायर सेकंडरी स्कूल में चल रही स्क्रिप्ट रायटिंग एंड फ़िल्म मेकिंग वर्कशाप के समापन अवसर पर आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी श्री अखलेश राय ने अपने संबोधन में कही। इस से पहले उनके आगमन पर स्कूल की संस्थापक संचालिका एवं प्रिंसिपल डॉ. बीना जे. कुरियन, वर्कशाप के मेंटर और फ़िल्म निर्माता, निर्देशक व अभिनेता श्री मोहन आजाद, भारतीय पत्रकार संघ के राष्ट्रीय सचिव श्री रघुवर दयाल गोहिया, शैलेंद्र, विक्रांत गोहिया (मुंबई) आदि ने उनकी अगवानी की। स्कूल बैंड के विद्यार्थियों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। समारोह के शुभारंभ में अतिथि स्वागत के बाद सभी वक्ताओं ने सीहोर में फ़िल्म निर्माण और उसकी संभावनाओं पर अपने सारगर्भित विचार रखे। इस अवसर पर स्कूल की छात्रा तीन बार की राष्ट्रीय चैंपियन धाविका बुशरा खान गौरी का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चयन होने पर अतिथियों ने शील्ड और बुके प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम को श्री मोहन आजाद, डॉ. बीना जे कुरियन, श्री रघुवर गोहिया और शैलेंद्र ने भी संबोधित किया। सभी प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। श्री आजाद ने अपने संबोधन में कहा कि हमारी आगामी फिल्म की पटकथा तैयार है। आने वाले दिनों में इसका निर्माण कार्य शुरू होने वाला है। जिसकी 95 प्रतिशत शूटिंग सीहोर में ही होगी। इसकी सभी तैयारियां की जा रही हैं। इस कार्यशाला के माध्यम से स्थानीय प्रतिभा संपन्न युवाओं को इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट में किसी न किसी रूप में अवश्य जोड़ेंगे। उन्होंने वर्कशाप के आयोजन में सहयोग देने के लिए आक्सफोर्ड स्कूल की संचालिका डॉ. बीना जे. कुरियन और स्कूल के संचालक वरिष्ठ एडवोकेट श्री जॉली कुरियन का आभार भी व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्ष डॉ. बीना जे. कुरियन ने स्कूल की स्थापना से लेकर अभी तक के करीब 23 वर्ष के संघर्ष भरे सफर की जानकारी दी। शैलेंद्र गोहिया ने श्री मोहन आज़ाद के व्यक्तित्व पर अपने विचार व्यक्त किये। गौरतलब है कि फ़िल्म से जुड़ी इस तरह की वर्कशाप का आयोजन सीहोर के इतिहास में पहली बार किया गया है। वर्कशाप की आयोजक संस्था *अंकुर* मुंबई है जिसके संस्थापक श्री मोहन आजाद और उनकी धर्मपत्नी प्रसिद्ध रंगकर्मी व गायिका श्रीमती मधु मोहन आज़ाद हैं। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार श्री प्रदीप चौहान ने किया। अंत में अतिथियों व सभी उपस्थितों का आभार शैलेंद्र ने व्यक्त किया।

## नाकोड़ा भैरव मंदिर में पंचकल्याणक पूजा संपन्न



पुष्पाजंली टुडे

**मैसूरू–** उमा टॉकीज मार्ग पर स्थित नाकोड़ा पार्श्व भैरव मंदिर में आज सुमति वधु मंडल एवं राजेंद्रसूरी बालिका मंडल द्वारा पंच कल्याणक पूजा विद्या बहन के आत्मसयार्त एवं लेहरीबाई छगनमल कांगटानी के आशीर्वाद से विधिवत पढ़ाई गई द्य पार्श्व पंच कल्याणक पूजा के लाभार्थी हीराचंद,अरविंद,हितेश कांगटानी परिवार रहे द्य लाभार्थी परिवार की ओर से जिनालय में विद्याबेन की मनोकामना पूर्ण करते हुए चांदी के दीपक समर्पित किए गए द्य नाकोड़ा पार्श्व भैरु के जयकार लगा कर मंगल गीत गा कर श्रावक नाचने लगे द्य इस अवसर पर सिद्धार्थ नगर स्थित महावीर जैन विद्यालय के सचिव हीराचंद कांगटानी,सुमतिनाथ जैन संघ के अध्यक्ष भेरुमल राठोड़, ट्रस्टी हंसराज पगारिया,पार्श्व पद्मावती ट्रस्ट के अध्यक्ष दलीचंद श्रीश्रीमाल, जैन विहार सेवा समूह के ललित राठौड़,गणेश पोरवाल, रमेश पोरवाल,भानमल राठौड़, कांतिलाल राठौड़,राहुल कांगटानी, महावीर भंसाली, फुटरमल पोरवाल,रॉयल ग्रुप के चेयरमैन कैलाश भंडारी,गजराज पगारिया सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे द्य पार्श्व भेरव देव मंदिर में मंगल दीपक,शांति कलश तथा महाआरती की गई द्य

# एमपी ट्रांस्को के स्टेट लोड डिस्पेच सेंटर के डाटा से बनेगा पावर सेक्टर के लिए उपयोगी साफ्टवेयर

### देश के नामी बिजली विशेषज्ञों ने किया लोड डिस्पेच सेंटर का दौरा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के स्टेट लोड डिस्पेच सेंटर जबलपुर के डाटा से पावर सेक्टर के लिए एक बेहद उपयोगी साफ्टवेयर तैयार किया जा रहा है। यह साफ्टवेयर आईआईटी इंदौर की इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग की प्रोफेसर डा. तृप्ति जैन तैयार कर रही हैं। इसमें मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी सहयोग करेगी। इस सिलसिले में उन्होंने गत दिवस स्टेट लोड डिस्पेंच सेंटर जबलपुर का दौरा कर इस सेंटर में संधारित किए जाने वाले विभिन्न प्रकार के डाटा एवं कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी प्राप्त की।

इस साफ्टवेयर के लिए ट्रांसको अपने लोड डिस्पेच सेंटर जबलपुर में संधारित हो रहे पीएमयू (फेसर मेजरमेंट यूनिट) का डाटा आईआईटी इंदौर के विशेषज्ञ को अध्ययन के लिए उपलब्ध कराएगा। इस दौरे के समय पावर ट्रांसमिशन कंपनी के मुख्य अभियंता मानव संसाधन व प्रशासन संदीप गायकवाड़ व लोड डिस्पेच सेंटर के अतिरिक्त मुख्य अभियंता आर. ए. शर्मा उपस्थित थे। आर. ए. शर्मा ने बताया कि पीएमयू (फेसर मेजरमेंट यूनिट) से ट्रांसमिशन सिस्टम की मॉनिटरिंग और उसका विश्लेषण किया जाता है। ये सिस्टम वर्तमान में क्रियाशील स्काडा सिस्टम से भी 200 गुना ज्यादा तेज है। यह सिस्टम पूरे प्रदेश के पावर सिस्टम का रियल टाइम डाटा एक सेंटर में उपलब्ध करवाता है। यहां इलेक्ट्रिकल सिस्टम के सभी पैरामीटर समाहित रहते हैं, जिससे रियल टाइम में सब स्टेशनों के उपकरणों और अति उच्चदाब लाइनों के पैरामीटर आप्टिकल फाइबर केबल के माध्यम से हाई स्पीड में उपलब्ध होते हैं। यह प्रक्रिया सिस्टम की मानिटरिंग और बचाव में बेहद उपयोगी है।

## जिले में आयुष सप्ताह का आयोजन 03 अप्रैल तक

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** प्रमुख सचिव सह आयुक्त आयुष विभाग म.प्र.शासन भोपाल के आदेश अनुसार एवं कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस के निर्देशन में तथा जिला आयुष अधिकारी भिण्ड के नेतृत्व में आयुष विभाग भिण्ड द्वारा 28 मार्च 2022 से 03 अप्रैल 2022 तक आयुष सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 31 मार्च को नरसिंह मंदिर मौ में, 1 अप्रैल को शंकर जी का मदिर तालाब के पास पुर में, 2 अप्रैल को एकीकृत शास.मा.विद्यालय परा अटेर में एवं 3 अप्रैल 2022 को मिहोनी माता मंदिर दबोह में निःशुल्क आयुष चिकित्सा,परामर्श, योग एवं जनजाग्रति शिविर आयोजित किये जायेंगे।

## किराएदार ने लगाई मोदी की फोटो तो मकान मालिक, बोला- मकान खाली करो

**इंदौर।** एक किरायेदार को मकान मालिक घर से निकालने की धमकी दे रहा है। मसला ये है कि किरायेदार ने अपने घर में पीएम मोदी की फोटो लगा रखी है लेकिन मकान मालिक को ये नागवार गुजर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रेरित एक व्यक्ति पुलिस जनसुनवाई में पहुंचा और मकान मालिक की शिकायत की। उसने मालिक पर आरोप लगाया कि वो पीएम मोदी की फोटो घर में से हटाने और ऐसा नहीं करने पर घर खाली करने की धमकी दे रहा है. शिकायत सुनते ही वरिष्ठ अधिकारियों ने संबंधित थाना प्रभारी को तत्काल जांच के निर्देश दिए हैं। पीर गली में रहने वाला युसूफ ने जनसुनवाई में बताया कि उसने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रेरित होकर उसने अपने घर में उनकी फोटो लगाई है. लेकिन मकान मालिक शरीफ मंसूरी, याकूब मंसूरी और सुल्तान मंसूरी को ये पसंद नहीं. वो फोटो हटाने के लिए दबाव बना रहे हैं. ऐसा नहीं करने पर घर खाली करने की धमकी दे रहे हैं।

## डॉगी के साथ करता था गंदा काम, लोगों से कहता- इसने मेरा परिवार पूरा किया

**भोपाल।** भोपाल में मानवता को शर्मसार करने वाली एक घटना सामने आई है। एक आरोपी ने बेजुवान फीमेल डॉग के साथ गलत काम किया. आरोपी उसे अपनी पत्नी बनाकर घर में रखा हुआ था. पुलिस ने फीमेल डॉग का मेडिकल कराया और आरोपी के घर से उसे और उसके साथ पिल्लों को रेस्क्यू भी किया. एफआईआर दर्ज करने के साथ पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया है. यह सनसनीखेज मामला पिपलानी थाना क्षेत्र का है। थाना पुलिस को एक पशु संगठन के जरिए इस घटना की जानकारी मिली। पुलिस ने पशु संगठन की मदद से फीमेल डॉग और उसके 7 पिल्लों को रेस्क्यू किया। इसके बाद पुलिस ने बकायदा फीमेल डॉग का मेडिकल भी कराया. साथ ही संगठन की शिकायत पर आरोपी मनोहरलाल वाधवानी के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की गई. आरोपी ने फीमेल डॉग के साथ कई दिनों तक गलत काम किया था. पिपलानी थाना पुलिस ने इस घटना की पुष्टि की. उन्होंने बताया कि आरोपी मनोहरलाल को गिरफ्तार कर लिया गया। उसके खिलाफ धारा 377 के तहत केस दर्ज किया।

# विश्व भगवा रक्षक संगठन की हिंदू नववर्ष पर विशाल भगवा बाईक रैली

रितेश कटरे ब्यूरो पुष्पांजली टुडे

**बालाघाट ।** समुचे विश्व में अपनी विशेष विचारधारा, भारतीय सनातन संस्कृति के छटा समेटे हुए आदर्श विचारों की प्रतिमुर्ति हिन्दू धर्म अपने आप में सर्व शक्तिमान और संपन्न हैं। हिन्दु नववर्ष का शुभारंभ चैत्र नवरात्रि शुक्ल प्रतिपदा ( गुडी पड़वा ) से होने जा रहा है । इस उपलक्ष में दिनांक 02 अप्रैल 2022 दिन शनिवार को विश्व भगवा रक्षक संगठन लांजी के तत्वाधान में हिन्दु नववर्ष हर्षोल्लास के साथ मनाया जाना सुनिश्चित किया गया है। कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार सर्वप्रथम ध्वज पूजन मां गायत्री शक्तिपीठ लांजी में समय प्रातः 8 बजे से प्रारंभ होकर माँ लजकाई मंदिर , नया राम मंदिर , दादा कोटेश्वर मंदिर , पुराना राम मंदिर एवं मां काली मंदिर में 9 बजे तक ध्वज पूजन किया जाएगा। वहीं सिद्धेश्वर मंगल भवन लांजी में भारत माता , भगवान श्री रामजी राष्ट्रिय स्वयंसेवक संघ के प्रथम सरसंघ चालक के जन्मदिन पर उनके छायाचित्र पर दिप प्रज्वलकर का पूजन कर कार्यक्रम किया जाएगा। हिन्दु नववर्ष पर बौद्धिक वक्तव्य प्रातः 9 बजे से अनुराग बापट के द्वारा तत्पश्चात उपवास स्वल्पाहार होगा।




**इन गांवों से होकर मां पांडरी पाठ मंदिर पहुंचेगी भगवा बाईक रैली:** विशाल बाईक रैली जो प्रात 10:30 बजे से भिलाई रोड़ सिद्धेश्वर मंगल भवन लांजी से सुभाष चौक होते हुए साडरा, दहेगांव , देवलगांव, सिंगोला , कुलपा , परसोड़ी, बापड़ी परसवाड़ा , मिरिया , बोथली , घंसा , चिखली, चिचोली , डोंगरगांव, मनेरी, बड़गांव, बहेला, रिसेवाड़ा, बम्हनवाड़ा, बिरनपुर होते हुए वारी स्थित मां पांडरी पाठ मंदिर में समाप्त होगी। भगवा बाईक रैली को सफल बनाने के लिए राष्ट्रविचारक, विश्व भगवा रक्षक संगठन मध्यप्रदेश के महामंत्री नितीन मुरकुटे ने अपील की है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भावेश पंवार बिसेन जिलाध्यक्ष वि.भ.र.स. सुरेन्द्र श्रीवास ब्लाक अध्यक्ष वि.भ.र.स लांजी, किशोर एड़े ब्लाक उपाध्यक्ष वि.भ.र.स, श्रीमति निशी पशीने राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला विंग वि.भ.र.स, श्रीमती उषा पशीने प्रदेश अध्यक्ष महिला विंग वि.भ.र.स, श्रीमति सुशीला दुग्गड़ जिला अध्यक्ष महिला विंग वि.भ.र.स, श्रीमति सुनीता राय ब्लाक अध्यक्ष महिला विंग वि.भ.र.स, श्रीमती लक्ष्मी सोनवाने ब्लाक उपाध्यक्ष महिला विंग वि.भ.र.स ने सभी से अपने घरों को दीपक से रोशनीयुक्त करने, अपने घर पर भगवा ध्वज लगाने एवं भगवा बाईक रैली को सफल बनाने हेतु शामिल होने की अपील की है।

# मुख्यमंत्री ने बुरहानपुर जिले के खड़कोद में 'जल जीवन मिशन' के अंतर्गत आयोजित 'जल-महोत्सव' में नल जल योजनाओं का लोकार्पण किया

पंकज त्रिपाठी दैनिक पुष्पांजली टुडे

**बुरहानपुर ।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुरहानपुर जिले में ? 129.42 करोड़ के नल जल योजनाओं का लोकार्पण किया। बुरहानपुर जिला प्रदेश का पहला ऐसा जिला बन गया है, जिसके सभी गावों में नल से जल पहुंचाने का कार्य प्रारंभ हो गया है। जिसका लोकार्पण आज मुख्यमंत्री श्री चौहान ने किया। मुख्यमंत्री चौहान ने कार्यक्रम में प्रदेश में जल जीवन मिशन अंतर्गत ? 474.01 करोड़ की 945 योजनाओं का ई-लोकार्पण भी किया। इसके साथ ही उन्होंने कई और विकास कार्यों की सौगात दी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आज मेरे प्रसन्नता की कोई सीमा नहीं है। मन आनंद से भरा हुआ है। एक संकल्प था जो पूरा हुआ है। एक सपना था जो साकार हुआ है। आज बुरहानपुर प्रदेश का पहला जिला बन गया है,जिसके सभी गांवों में नल से जल पहुंच गया है।मैं जिला प्रशासन और पीएचई की टीम को बधाई देता हूं।

मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हृदय से धन्यवाद देना चाहता हूं, जिन्होंने जल जीवन मिशन बनाई। बुरहानपुर जिले के सभी गांवों में टोंटी वाला नल लगाकर स्वच्छ पानी देने का सपना पूरा हो गया है। मैं माताओ-बहनों का अभिनंदन करना चाहता हूं कि आधे से ज्यादा समय उन्हें पानी की व्यवस्था में लग जाता था, लेकिन अब नल से जल मिलने से उन्हें काफी सहूलियत होगी।






प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं आपके इस भाई का संकल्प है कि हर गांव के, हर घर में पाइप लाइन बिछाकर टोंटी वाला नल लगाकर स्वच्छ पीने का पानी देंगे। आज नंदू भइया बहुत याद आ रहे हैं। जल निगम के गठन और उसे आगे बढ़ाने में उनका बहुत बड़ा योगदान रहा है। हमें जल संरचना बनानी पड़ेगी, जिससे बरसात का पानी जमीन के नीचे जाए ताकि जल स्त्रोत जिंदा रहे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजादी का अमृत महोत्सव में हर जिले में 75 अमृत सरोवर बनाने का आह्वान किया है। बुरहानपुरवासी भी आज संकल्प लें कि अपने जिले में 75 नए तालाब खोदेंगे।

पानी बचाने के लिए जलाभिषेक अभियान प्रारंभ कर रहे हैं। चेक डैम, स्टॉप डैम, नदी-नालों में बोरी बंधान कर जल संरक्षण करना है। पानी जब हम बचाएंगे, तभी हमारी धरती मैया खेतों की प्यास बुझाएंगी, हमारे सूखे कंठों की प्यास बुझाएंगी।

कोरोना काल में कोविड नियंत्रण एवं उपचार में बुरहानपुर जिला सबसे आगे रहा है। विकास की दृष्टि से हम बुरहानपुर को नंबर वन जिला बनाएंगे। हम यहां उद्योग लाएंगे। यहां अलग-अलग उद्योग लगेंगे। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत सितंबर तक मुफ्त में राशन दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा योजना में हम 5 किलो राशन दे रहे हैं। इस तरह हर महीने, प्रति व्यक्ति 10 किलो राशन मिल रहा है।

हर एक गरीब को पक्का मकान देने का सपना हम पूरा करेंगे, जिनके पास रहने का आशियाना नहीं है। उनको गांव में पट्टा देकर जमीन दी जाएगी। इस साल 10 लाख मकान बनाएंगे। अगले साल 10 लाख और मकान बनाएंगे। अगले तीन साल में हर गरीब का अपना पक्का मकान होगा।

गरीब के बेटा-बेटी की पढ़ाई भी ढंग से होनी चाहिए, इसलिए हम सीएम राइज स्कूल प्रारंभ करने जा रहे हैं। यह स्कूल प्राइवेट से कहीं ज्यादा बेहतर होंगे। पुलिस भर्ती में हमने फैसला लिया है कि आधे नंबर फिजिकिल टेस्ट और आधे नंबर रिटर्न टेस्ट के होंगे।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत किसानों को 6 हजार रुपए मिल रहा है। मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना में हम भी 4 हजार रुपए दे रहे हैं। इस तरह किसानों को 10 हजार रुपए की निश्चित वार्षिक आय हो रही है।

जो गरीब बेटा-बेटी टैलेंटेंड हैं, बुद्धिमान हैं वह आगे पढ़ना चाहते हैं। उनकी मेडिकल, इंजीनियरिंग की पढ़ाई में फीस बाधक नहीं होगी। फीस की चिंता उन्हें करने की जरूरत नहीं है। बच्चों की फीस उनके मम्मी-पापा नहीं, आपका ये मामा भरवाएगा।

सरकारी नौकरी में जितना संभव है उतना रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। आजीविका मिशन में हर बहनों की आमदनी कम से कम 10 हजार रुपए होनी चाहिए। इसके लिए हम लगातार प्रयास कर रहे हैं।

हम हर महीने रोजगार दिवस मना रहे हैं। आज पूरे प्रदेश में रोजगार दिवस मनाया जा रहा है। 2 जनवरी को 5.26 लाख, 16 फरवरी को 5.04 लाख लोगों को रोजगार मिला। आज फिर साढ़े तीन लाख से ज्यादा लोगों को लोन दिया जाएगा, जिसकी गारंटी सरकारी लेगी।

छोटे-छोटे उद्योग प्रारंभ करने के लिए मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना अंतर्गत 1 लाख से 50 लाख तक का लोन दिया जा रहा है। आपकी सेवा और विकास के लिए हम तत्पर हैं। आपकी जिंदगी बदलना हमारा संकल्प है।

21 अप्रैल से बेटियों की फिर से शादी शुरू हो रही है। एक बेटी की शादी में 55 हजार रुपए दिए जाएंगे। लाड़ली लक्ष्मी योजना का दूसरा चरण भी हम शुरू कर रहे हैं। तीर्थ दर्शन योजना भी 18 अप्रैल से शुरू हो रही है।

# पॉक्सो एक्ट के गिरफ्तारशुदा आरोपी के अवैध मकान पर चला बुल्डोजर





## एंटी माफिया अभियान के तहत जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई

ग्वालियर। एंटी माफिया अभियान के तहत ग्वालियर शहर में बुधवार को ब?ी कार्रवाई हुई। जिला प्रशासन, पुलिस एवं नगर निगम की संयुक्त टीम ने पॉक्सो एक्ट में गिरफ्तारशुदा आरोपी चतुर्भुज राठौर का सुभाष नगर एबी रो? बहो?ापुर स्थित अवैध मकान बुल्डोजर से ध्वस्त कर दिया गया।

कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह के निर्देश पर अनुविभागीय दण्डाधिकारी ग्वालियर सिटी श्री प्रदीप तोमर के नेतृत्व में गई संयुक्त टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिलाया। अनुविभागीय दण्डाधिकारी श्री प्रदीप तोमर ने बताया कि 65 वर्षीय आरोपी चतुर्भुज राठौर ने 11 वर्षीय मासूम



बालिका के साथ दुष्कृत्य कर समाज को कलंकित किया था। पुलिस थाना माधौगंज में आरोपी चतुर्भुज के खिलाफ दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत संगीन आपराधिक मामले दर्ज हैं।

अनुविभागीय दण्डाधिकारी श्री तोमर ने बताया कि असमाजिक तत्व चतुर्भुज द्वारा मासूम बालिका के साथ किए गए जघन्य अपराध से समाज में रोष व्याप्त था। उन्होंने बताया कि कोई भी असमाजिक तत्व इस प्रकार के जघन्य अपराध की जुर्रत न कर सके, इस उद्देश्य से प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप एंटी माफिया अभियान के तहत इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया है। श्री तोमर ने बताया कि पॉक्सो एक्ट के आरोपी के जिस मकान को ध्वस्त किया गया है उसकी कीमत लगभग 80 लाख रूपए आंकी गई है। उन्होंने बताया कि एंटी माफिया अभियान के तहत असमाजिक तत्वों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### रोजगार मेले में 12 हजार से अधिक हितग्राहियों को 8 करो? 88 लाख रूपए के हितलाभों का वितरण

ग्वालियर। युवाओं को स्वरोजगार से जो?ने के लिये प्रदेश के प्रत्येक जिला मुख्यालय पर रोजगार दिवस मनाया गया। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान रीवा जिले में आयोजित समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने युवाओं को स्वरोजगार हेतु करो?ों रूपए की सौगात दी। ग्वालियर जिला मुख्यालय पर जिले का रोजगार मेला बाल भवन में आयोजित किया गया। मेले में प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस मौके पर जिले के 12 हजार 663 हितग्राहियों को 8 करो? 88 लाख रूपए की राशि प्रदान की गई। यह राशि विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के तहत प्रदान की गई है। इनमें प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री स्व-निधि योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (व्यक्तिगत), राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (समूह), मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ विक्रेता तथा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम शामिल है। जिला स्तरीय रोजगार मेले में लघु उद्योग विकास निगम की अध्यक्ष श्रीमती इमरती देवी, जिला पंचायत प्रशासकीय समिति की अध्यक्ष श्रीमती मनीषा यादव, उपाध्यक्ष श्री शांतिशरण गौतम, संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सेना, सीईओ जिला पंचायत श्री आशीष तिवारी, नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल, एलडीएम सहित विभिन्न बैंकों के अधिकारी और विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। समारोह के मुख्य अतिथि ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि मध्यप्रदेश की सरकार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिये विभिन्न योजनाओं के माध्यम से मदद कर रही है। युवा सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से अपना रोजगार स्थापित करें और अन्य लोगों को भी रोजगार से जो?ें। उन्होंने कहा कि युवा अपनी शक्ति को पहचानें और दृ? इच्छाशक्ति से अपने आपको आर्थिक रूप से मजबूत करें।

### सम्पत्तिकर एवं जलकर में शत प्रतिशत तक अधिभार में छूट का लाभ लेने की अंतिम तिथि आज

ग्वालियर। नगर निगम ग्वालियर द्वारा बकाया सम्पत्तिकर एवं जलकर के लंबित प्रकरणों में त्वरित वसूली एवं आम नागरिकों की सुविधा के लिए लोक अदालत में प्रदान की गई पेनल्टी में छूट का लाभ 31 मार्च 2022 तक सम्प्तिकर एवं जलकर उपभोक्ताओं को दिया जाएगा। निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल ने जानकारी देते हुए बताया कि नगरीय विकास एवं आवास विभाग भोपाल द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुसार शहर के नागरिकों के सम्पत्तिकर एवं जलकर के लंबित वसूली प्रकरणों के निराकरण के लिए लोक अदालत में प्रदान की गई पेनल्टी में छूट का लाभ 31 मार्च 2022 तक सम्पत्तिकर एवं जलकर उपभोक्ताओं को दिया जाएगा। सम्पत्तिकर एवं जलकर उपभोक्ता नगर निगम के सभी क्षेत्रीय कार्यालयों, जलकर वसूली विन्डो एवं वार्ड कार्यालय में अपना कर जमा कर सकते हैं। जिसके अनुसार सम्पत्तिकर में कर एवं अधिभार की राशि 50 हजार रुपए तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट रहेगी।




## स्वच्छता में सहभागिता कर बनाएं शहर में स्वच्छता का माहौल - उर्जा मंत्री श्री तोमर

### वार्ड-4 एवं 5 में 3 करोड 26 लाख रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन




ग्वालियर। शहर में निरंतर विकास के साथ ही स्वच्छता का माहौल बनाने की भी आवश्यकता है, इसलिए अपने बच्चों को अच्छा, विकसित एवं व्यवस्थित शहर व रोजगार उपलब्ध कराने के लिए शहर को स्वच्छता में नम्बर वन पर लाना होगा। स्वच्छता किसी एक की नही हम सभी की जिम्मेदारी है, इस जिम्मेदारी को हम सभी पूरी ईमानदारी से निभाएं और अपने बच्चों के लिए सुखद भविष्य की नींव तैयार करें। उक्ताशय के विचार प्रदेश सरकार के उर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने आज वार्ड क्रमांक 4 एवं 5 में लगभग 3 करोड 26 लाख रुपए के विकास कार्यों के भूमिपूजन अवसर पर मुख्यअतिथि के रुप में व्यक्त किए।

क्रमांक 4 स्थित चन्द्र नगर शमसान घाट की मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण का कार्य लगभग 50 लाख रुपए की लागत से एवं बंडाघूरा सामुदायिक भवन से किरार समाज सामुदायिक भवन व कस्तूरी कुशवाह के पीछे तक नवीन नाला निर्माण का कार्य लगभग 35 लाख रुपए की लागत से कराया जा रहा है। दोनों कार्यों का भूमिपूजन आज बुधवार को प्रदेश सरकार के उर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर द्वारा किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि श्री रिंकू परमार, पूर्व पार्षद श्री जगत सिंह कौरव, श्री चंदन राय, श्री राहुल राय, श्री जगदीश राय, मंडल अध्यक्ष श्री प्रयाग सिंह तोमर, भाजपा जिला मंत्री श्री शैली शर्मा, वार्ड संयोजक श्री सुनील गोस्वामी, श्री सतेन्द्र शर्मा, श्री मानसिंह कुशवाह, श्री रघुवीर राय, श्री रामनिवास सिंह तोमर सहित बडी संख्या में क्षेत्रीय नागरिकगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के उर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने क्षेत्र के बुर्जुर्गो को दंडवत करते हुए प्रणाम किया और कहा कि मेरे लिए राजनीति लोगों को अच्छी शिक्षा, अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं, अच्छी सडकें, पीने के लिए साफ पानी सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं दिलाने का माध्यम है। इस समय हम सभी का कर्तव्य है कि ग्वालियर में अच्छे विद्यालय हों, अच्छे अस्पताल हों, अच्छी सडकें तथा पर्याप्त संख्या में हमारे बच्चों के लिए रोजगार हों जिससे हमारे बच्चों को बाहर न जाना पडें। इसके लिए हमें सबसे पहले अपने शहर को सबसे स्वच्छ शहर बनाना होगा तभी यहां बाहर से निवेशक आएंगें। इसके लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करने होगें तथा ग्वालियर में स्वच्छता का माहौल बनाना होगा।

प्रदेश सरकार के उर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि क्षेत्र में विकास निरंतर चलता रहेगा तथा शीघ्र ही 1 करोड 35 लाख रुपए की लागत से बुलबुल पुरा की पुलिया तक का नाला व रोड बनाने के लिए टेन्डर किया जाएगा। इसके साथ ही क्षेत्र के नागरिक एक स्थल का चयन करके दें तो 6 महीने के अंदर संजीवनी क्लीनिक प्रारंभ करा दिया जाएगा। उर्जा मंत्री श्री तोमर नें मंच पर क्षेत्र के जोनल अधिकारी एवं शमशान घाट में विकास कार्य करने वाले ठेकेदार का सम्मान करते हुए शमशान घाट में विकास कार्य शीघ्र प्रारंभ करने एवं समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### वार्ड-5 में 2 करोड 43 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन

प्रदेश सरकार के उर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने वार्ड-5 में 2 करोड 43 लाख रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन करते हुए कहा कि विकास निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है और निरंतर चलती रहेगी। क्षेत्र के नागरिकों को मूलभूत सुविधाओं का लाभ समय पर मिले यह उनकी पहली प्राथमिकता है। इस अवसर पर उर्जा मंत्री श्री तोमर ने क्षेत्र के सभी नागरिकों से अपने शहर ग्वालियर को देश का सबसे स्वच्छ शहर बनाने में सहभागिता निभाने की अपील की। उन्होंने कहा कि बिना सभी की सहभागिता के यह कार्य संभव नहीं हैं जब हमारा शहर देश का सबसे स्वच्छ शहर होगा तो हमारा नाम पूरी दुनिया में सम्मान के साथ लिया जाएगा।

## महिला सशक्तिकरण की दिशा में किये जा रहे उल्लेखनीय कार्य : राज्यपाल श्री पटेल

### दतिया के ग्राम उपराय में आँगनवा?ी भवन का किया भूमि-पूजन

### हितग्राहियों को हितलाभ किये वितरित

### गृह मंत्री डॉ. मिश्रा भी रहें मौजूद




ग्वालियर। राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल ने कहा कि प्रदेश में महिला सशक्तिकरण की दिशा में निरंतर उल्लेखनीय कार्य किये जा रहे है। महिलाओं को आगे ब?ते देख आनंद की अनुभूति हो रही है। श्री पटेल दतिया के ग्राम उपराय में 7 लाख 80 हजार रूपये की लागत से निर्मित होने वाले आंगनवा?ी भवन के भूमि-पूजन समारोह को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि देश एवं प्रदेश प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। बेटियाँ सभी क्षेत्रों में आगे ब?कर बेहतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के उत्थान एवं कल्याण के लिए विभिन्न योजनाएँ संचालित की जा रही है। प्रदेश में शासकीय सेवाओं में महिलाओं को आरक्षण की सुविधा उपलब्ध कराई है। राज्यपाल श्री पटेल ने ग्राम उपराय में हितग्राही संवाद कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवाया योजना (ग्रामीण) हितग्राहियों को पक्के मकानों की चाबियाँ सौंपी। उन्होंने ला?ली लक्ष्मियों को ला?ली लक्ष्मी योजना के प्रमाण-पत्र सौंपे। राज्यपाल श्री पटेल ने वृहद स्वास्थ शिविर में दिव्यांगजनों से मुलाकात कर हितलाभ वितरित किये। उन्होंने महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा उत्पादित सामग्री का निरीक्षण कर उत्पादों की सराहना की।

### गृह मंत्री डॉ. मिश्रा की सक्रियता सराहनीय

राज्यपाल श्री पटेल ने गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा की निरंतर सक्रियता की सराहना की। उन्होंने कहा कि जन-प्रतिनिधियों के सक्रिय रहने से क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होता है।

## विवाद रहित गाँवों में पात्र लोगों को योजनाओं का शतप्रतिशत लाभ मिले



### अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक में संभाग आयुक्त ने दिए अधिकारियों को निर्देश

ग्वालियर। संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने सभी संभागीय अधिकारियों से कहा है कि ग्वालियर-चंबल संभाग में समझौते से समाधान के लिये प्रत्येक पंचायत में बीट सिस्टम के माध्यम से विभागीय अधिकारी पहुँचकर नागरिकों की समस्याओं का समाधान करा रहे हैं। ग्वालियर-चंबल संभाग में कई गाँव अब विवाद रहित हो गए हैं। विवाद रहित गाँवों में निवास करने वाले नागरिकों को शासन की सभी योजनाओं का लाभ मिले, इसके लिये विशेष अभियान चलाया जाए। संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने बुधवार को संभाग स्तरीय अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक में यह निर्देश दिए हैं।

नवीन संभागीय आयुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों की विस्तार से समीक्षा की गई। संभाग आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने कहा है कि ग्वालियर-चंबल संभाग के प्रत्येक जिले में एक ङ्क एक विवाद रहित गाँव का चयन कर विभागीय अधिकारी एक अप्रैल से 8 अप्रैल के मध्य विवाद रहित गाँवों के शतप्रतिशत लोगों से शासकीय योजनाओं के तहत आवेदन प्राप्त करें और उनका निराकरण करें। गाँव में निवासरत ऐसे सभी ग्रामवासी जो शासन की किसी भी योजना में पात्रता रखते हैं उन्हें उस योजना का लाभ अवश्य दिलाया जाए।

संभागीय आयुक्त श्री सक्सेना ने विभागीय अधिकारियों से कहा है कि वे अपने-अपने अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित करें कि वे विवाद रहित गाँवों में जाकर हर व्यक्ति से संपर्क करें और जिस योजना का लाभ दिलाया जा सकता है, उसका आवेदन कराकर लाभ दिलाने का कार्य करें। आठ अप्रैल के पश्चात विवाद रहित गाँवों के भ्रमण के दौरान अगर कोई भी व्यक्ति जो योजना में पात्रता रखता है और उसे लाभ नहीं मिला है, पाया जाता है तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी। महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए गए हैं कि आंगनबा?ी केन्द्रों को गोद लेने की योजना के तहत शतप्रतिशत आंगनबाड़ी को कवर किया जाए।

## अधीक्षण यंत्री ने किया नाला निर्माण का निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा निर्देश




ग्वालियर। नगर निगम द्वारा शहर की स्वच्छता एवं विकास के लिए निरंतर मॉनीटरिंग कर कार्य की गुणवत्ता का निरीक्षण किया जाता है। इसके साथ ही स्वच्छता के लिए भी निरंतर अभियान चलाकर आमजनों को स्वच्छता में सहभागिता के लिए प्रेरित किया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देशन में नगर निगम ग्वालियर के अधिकारियों द्वारा प्रतिदिन प्रातः स्वच्छता के साथ ही विभिन्न विकास कार्यों का अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं। अधीक्षणयंत्री जनकार्य श्री जेपी पारा ने आज बुधवार को नगर निगम के अधिकारियों के साथ जेसीमिल बिरला हॉस्पिटल के पीछे खाटू श्याम मंदिर के पास हो रहे नाला निर्माण का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित ठेकेदार द्वारा नाला निर्माण में प्रयोग

## सुशासन शिविर में आए 1295 आवेदन 1063 का मौके पर ही हुआ निराकरण



ग्वालियर। प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ गरीब हितग्राहियों को बिना किसी समस्या के प्रदान करने के लिए आज थाटीपुर जिला पंचायत कार्यालय पर सुशासन शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 1295 आवेदन विभिन्न विभागों संबंधित प्राप्त हुए जिनमे से 1063 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। शिविर के दौरान म.प्र बीज निगम के अध्यक्ष श्री मुन्नालाल गोयल, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री कमल माखीजानी एवं कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने निरीक्षण कर सभी विभागाधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी हितग्राही को कोई भी समस्या न हो। सभी के आवेदन लिए जाएं तथा संभव हो तो मौके पर ही नहीं तो समय सीमा में हितग्राही को योजना का लाभ प्रदान किया जाए। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की मंशानुसार आमजनों को शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक और शीघ्र लाभ मिले, इसके लिए प्रदेश भर में सुशासन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज बुधवार को ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र में वार्ड क्रमांक 22, 23, 24, 28, 29 एवं 60 के हितग्राहियों के लिए सुशासन शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में नगर निगम, राजस्व विभाग, विद्युत विभाग, खाद्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, सामाजिक न्याय विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, कृषि विभाग, लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग एवं पशुपालन विभाग से संबंधित योजनाओं के आवेदन लेकर उनके निराकरण की कार्रवाई प्रारंभ कराई गई।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478